डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5



PG-5

सिनेमा- शादी की छठवीं सालगिरह मना रहीं 'खतरों की खिलाड़ी' दिव्यांका

वर्ष -08 अंक -113 प्रयागराज, शनिवार 09 जुलाई, 2022 पृष्ठ- 8 मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या मामले में पूर्व अमेरिकी पुलिस अधिकारी डेरेक को 21 साल की सजा

**अमेरिका।** जानें पूरा मामला अमेरिका में जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के दोषी पूर्व अमेरिकी पुलिस अधिकारी डेरेक चाउविन को गुरुवार को अमेरिकी अदालत ने 21 साल की जेल की सजा सुनाई। बता दें कि चाउविन ने जॉर्ज फ्लॉयड (46) नाम के अश्वेत युवक की गर्दन अपने घुटने से 9 मिनट 29 सेकंड तक दबाकर उसे मार डाला था। जिसके कारण अमेरिका और अन्य जगहों पर पुलिस की बर्बरता और नस्लवाद के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए। इसके बाद अमेरिकी सरकार ने न्यायिक जांच बैठाई थी। जिसमें आरोपी डेरेक चाउविन का गिरफ्तार किया था।चाउविन को दिसंबर में संघीय आरोपों के लिए दोषी ठहराया था और यह पहले से ही पिछले साल राज्य की अदालत में एक मुकदमे के बाद फ्लॉयड की हत्या के लिए मिनेसोटा जेल में 22 साल की सजा काट रहा है। यह सजा एक साथ चलेगी और चाउविन को संघीय जेल में ले जाया जाएगा।आरोप पत्र में वायरल वीडियो के हवाले से कहा गया है कि घटना वाले दिन जॉर्ज फ्लॉयड को हिरासत में लेते वक्त क्या कुछ हुआ था। आरोप है कि घटना के दौरान चाउविन ने फ्लॉयड की गर्दन पर अपना घुटना रखा था। लेन ने पैर पकड़ रखे थे और कुएंग ने फ्लॉयड की पीठ पकड़कर दबोचा हुआ था।

### जेल से बचने के लिए महिला ने कोर्ट में सौंपे कैंसर होने के फर्जी दस्तावेज

**नई दिल्ली।** भुगतनी पड़ेगी तीन गुनी ज्यादा सजाएफबीआई के अधिकारियों का कहना है कि कैंसर होने की बात और उससे संबंधित पत्र सब कुछ फर्जी हैं और आरोपी महिला एश्ली लिन शावेज को अब तीन गुना अधिक समय के लिए जेल में रहना होगा। अमेरिका के कैलिफोर्निया की 38 वर्षीय एक महिला ने खुद को जेल जाने से बचाने के लिए कोर्ट में कैंसर पीडि़त होने के फर्जी दस्तावेज सौंपे। महिला ने जिन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया, वह सभी कोर्ट में फर्जी साबित हुए जिसके चलते महिला को एक की बजाय तीन साल जेल की सजा भुगतनी होगी। महिला की तरफ से न्यायाधीश को सौंपे एक नोट में कहा गया था कि आरोपी के गर्भाशय में कैंसर का पता चला है। इसके बाद न्यायाधीश को बताया कि आरोपी की सर्जरी चल रही है और उसका कैंसर फैल गया है।

## सत्ता गंवाने के बाद बोले उद्धव ठाकरे, शिवसेना को हमसे कोई नहीं छीन सकता उद्धव ठाकरे ने कहा

**महाराष्ट्र ।**उच्चतम न्यायालय का 11 जुलाई का फैसला सिर्फ शिवसेना का ही नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र का भविष्य भी तय करेगा। उन्होंने महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव की मांग की। सत्ता गंवाने के बाद महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे पहली बार खुलकर मीडिया के सामने आए। एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने शिवसेना के भविष्य के बारे में बात की। ठाकरे ने कहा, शिवसेना को हमसे कोई नहीं छीन सकता है। उन्होंने कहा, इसमें कोई भी संदेह नहीं है कि 'तीर और कमान' शिवसेना का चिह्न है और इसे हमसे कोई नहीं छीन सकता है। ठाकरे ने आगे कहा, हमें सुप्रीम कोर्ट पर विश्वास है। कोर्ट जो भी फैसला करेगा वह हमें स्वीकार होगा। कहा, उच्चतम न्यायालय का 11 जुलाई का फैसला सिर्फ शिवसेना का ही नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र का भविष्य भी तय करेगा। उन्होंने महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव की मांग की।



## बाढ़ के पानी में आधी डूब गई स्कूल बस, बच्चों में मची चीख पुकार तो मदद को दौड़ पड़े लोग

**नई दिल्ली।** देखें रेस्क्यू का पूरा वीडियो अधिकारियों ने बताया, बस ड्राइवर सुबह-सुबह बच्चों को स्कूल लेकर जा रहा था। अंडरपास के नीचे पानी भरा हुआ था। ड्राइवर को पानी की गहराई का अंदाजा नहीं था। इस कारण वह आगे बढ़ता चला गया। हालांकि, आगे जाकर वह बाढ़ के पानी में फंस गया। तेलंगाना के महबूब नगर में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। यहां एक स्कूल बस बाढ़ के पानी में लगभग आधी डूब गई। जिस समय बस पानी में फंसी, उसमें करीब 20 बच्चे सवार थे। अनहोनी की आशंका से बच्चों में चीख-पुकान मच गई। इसके बाद आस-पड़ोस के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े और लोगों ने पानी में जाकर बच्चों को बाहर निकाला। इस रेस्क्यू ऑपरेशन का वीडियो भी सामने आया है। महबूब नगर के डिप्टी कमिशन्र ने बताया, यह घटना सुबह करीब नौ बजे की है। 20 बच्चों को लेकर जा रही बस माचनपल्ली और सिगुर गड्डा टांडा के बीच अंडरपास में फंस गई थी। बस ड्राइवर को नहीं था पानी का अंदाजा अधिकारियों ने बताया, बस ड्राइवर सुबह-सुबह बच्चों को स्कूल लेकर जा रहा था। अंडरपास के नीचे पानी भरा हुआ था। ड्राइवर को पानी की गहराई का अंदाजा नहीं था। इस कारण वह आगे बढ़ता चला गया। हालांकि, आगे जाकर वह बाढ़ के पानी में फंस गया। पुलिस के मुताबिक, बस पानी में आधी डूब गई थी। जैसे ही लोगों को इसका पता चला वे मदद के लिए आगे आए। वीडियो में लोग बच्चों को पानी से बाहर निकालते दिख रहे हैं। सभी बच्चे सुरक्षित पुलिस ने बताया, लोगों की मदद से सभी बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। कोई हताहत नहीं हुआ है। गनीमत रही खतरा देखते ही ड्राइवर ने बस को बंद कर दिया। बाद में ट्रैक्टर की मदद से बस को बाहर निकाला गया।



## सीएम जगन रेड्डी की मां ने छोड़ी वाईएसआर कांग्रेस तेलंगाना में बेटी की पार्टी में शामिल होंगी विजयम्मा

**आंध्र प्रदेश।** पार्टी छोड़ने का एलान करते हुए विजयम्मा ने कहा, 'मैं हमेशा जगन मोहन रेड्डी के संपर्क में रहूंगी। एक मां के रूप में हमेशा जगन के नजदीक रहूंगी।' आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की मां वाईएस विजयम्मा ने शुक्रवार वाईएसआर कांग्रेस के मानद अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। विजयम्मा अब अपनी बेटी शर्मिला द्वारा पड़ोसी राज्य में बनाई गई वाईएसआर तेलंगाना पार्टी में शामिल होंगी।विजयम्मा ने यह घोषणा उन्होंने आंध्र की राजधानी अमरावती में आज से



शुरू हुए वाईएसआर कांग्रेस के अधिवेशन में की।उनकी बेटी अकेली अपनी पार्टी संभाल रही हैं। पार्टी छोड़ने का एलान करते हुए विजयम्मा ने कहा, 'मैं हमेशा जगन मोहन रेड्डी के संपर्क में रहूंगी। एक मां के रूप में हमेशा जगन के नजदीक रहूंगी।' विजयम्मा ने कहा, 'शर्मिला अपने पिता के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए तेलंगाना में अकेले लड़ाई लड़ रही है। मुझे उसका समर्थन करना है। मैं दुविधा में थी कि क्या मैं दो राजनीतिक दलों (दो राज्यों में) की सदस्य बन सकती हूं। मेरे लिए यह मुश्किल है कि मैं वाईएसआरसी के मानद अध्यक्ष बनी रहूं।'ऐसी स्थिति का नहीं सोचा था उन्होंने आगे कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसी स्थिति पैदा होगी। मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों हुआ, लेकिन मुझे लगता है कि यह भगवान का फैसला है। विजयम्मा ने कहा कि वह अपनी नई भूमिका पर किसी विवाद से बचने के लिए वाईएसआरसी के मानद अध्यक्ष का पद छोड़ रही हैं। संपत्ति विवाद की आ रही थी खबरें गत कुछ समय से मीडिया में खबरें आ रही हैं कि जगन मोहन रेड्डी और उनकी बहन शर्मिला के बीच संपत्ति से जुड़े मुद्दों को लेकर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हाल के दिनों में दोनों के बीच तनातनी बढ़ गई थी। इसके बाद विजयम्मा अपने बेटे से दूर रहती थीं।

### जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे का निधन, भारत में कल राष्ट्रीय शोक

**नई दिल्ली।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का शुक्रवार को निधन हो गया। आबे पर आज सुबह ही हमला हुआ था। यह हमला उस वक्त हुआ जब नारा शहर में शिंजो आबे भाषण दे रहे थे। हमलावर ने पीछे से उन पर दो गोलियां दागीं, जिसके बाद शिंजो आबे जमीन पर गिर पड़े और उनके शरीर से खून बहता दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि शिंजो आबे के प्रति हमारे दिल में गहरा सम्मान है, इसलिए कल भारत में एक दिन का राष्ट्रीय शोक रहेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिंजो आबे के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने ट्वीट में लिखा, मैं अपने सबसे प्यारे दोस्तों में से एक शिंजो आबे के दुखद निधन पर स्तब्ध और दुखी हूं। वह एक महान वैश्विक राजनेता, प्रशासक थे। उन्होंने जापान और दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।' जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को गोली मारने का नया वीडियो सामने आया है।

## पार्टी कार्यकर्ताओं को क्या संदेश देना चाहती है भाजपा

**हरियाणा।** भाजपा के एक शीर्ष नेता ने अमर उजाला को बताया कि अरुण यादव को केवल उनके पद से कार्यमुक्त किया गया है, लेकिन वे पार्टी के सदस्य बने रहेंगे। पार्टी के शीर्ष नेताओं से विचार-विमर्श के बाद इस मामले पर और कोई स्टैंड लिया जाएगा। नेता के मुताबिक, सभी कार्यकर्ताओं को किसी तरह की अभद्र टिप्पणी करने से बचने के लिए कहा गया है इस्लाम पर कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में भाजपा ने अपने हरियाणा आईटी सेल इंचार्ज अरुण यादव को पदमुक्त कर दिया है। नुपुर शर्मा औ? नवीन कुमार जिंदल के बाद तीसरे बड़े भाजपा नेता अरुण यादव पर इस्लाम पर अवांछित टिप्पणियों के कारण कार्रवाई की गई है। सोशल मीडिया पर जिस प्रकार अरुण यादव की गिरफ्तारी को लेकर एक अभियान चलाया जाने लगा था, पार्टी बिना कोई देर किए उन पर एक्शन लेते हुए दिखना चाहती थी और यही कारण है कि उनके पुराने ट्वीट्स वायरल होने के तुरंत बाद पार्टी हरकत में आई और गुरुवार देर रात उन्हें पदमुक्त कर दिया गया। पार्टी अध्यक्ष ओपी धनखड़ ने स्वयं इसकी जानकारी दी। हालांकि, धनखड़ ने अरुण यादव को हटाने का कोई कारण नहीं बताया है। अरुण यादव के खिलाफ सोशल मीडिया में यह अभियान तब तेज हुआ जब उन्होंने मोहम्मद जुबैर और लीना मणिमेकलई के खिलाफ कुछ टिप्पणियां कर दीं। इसके बाद उनके पुराने ट्वीट्स को लेकर सोशल मीडिया पर यह मांग की जाने लगी कि जिस तरह मोहम्मद जुबैर को उनके पुराने ट्वीट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है, उसी तरह अरुण यादव को भी गिरफ्तार किया जाना चाहिए। अपनी मांग के समर्थन में लोग उनके लगभग पांच साल पहले के कुछ ट्वीट्स की स्क्रीन शॉट भी शेयर कर रहे थे जिनमें कथित तौर पर अभद्र टिप्पणियां की गई थीं। सन्हे यात्रा में बाधा बनेगी यह सोच भाजपा ने हैदराबाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक (2-3 जुलाई 2022) में यह निर्णय लिया है कि वह अल्पसंख्यक समुदाय का भरोसा जीतने के लिए पूरे देश में सन्हे यात्रा निकालेगी। अल्पसंख्यकों का भरोसा जीतने के इस अभियान के पूर्व उसके नेताओं के ये बयान बाधा बन सकते हैं। लिहाजा, ऐसे नेताओं पर कड़ी कार्रवाई कर भाजपा अल्पसंख्यक समुदाय को एक संकेत देना चाहती है। लेकिन इसी के साथ पार्टी के अंदर सवाल उठ



रहे हैं कि वह कितने कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई करेगी। अलग-अलग मौकों पर कार्यकर्ता कुछ टिप्पणियां करते रहे हैं जिन्हें बदले समय में अभद्र बताया जा सकता है। नुपुर शर्मा प्रकरण से भाजपा ने ली सीख दरअसल, नुपुर शर्मा विवाद के तूल पकड़ने के पीछे बड़ा कारण यह माना जाता है कि पार्टी ने समय रहते नुपुर शर्मा पर कार्रवाई नहीं की। लोग मानते हैं कि यदि पार्टी ने समय रहते नुपुर शर्मा पर कार्रवाई की होती तो यह मामला इतना तूल न पकड़ता। विपक्षी दलों और अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाले कुछ लोगों को वह अवसर नहीं मिलता जिसके कारण पार्टी को देश-विदेश में शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि मामला सामने आते ही अरुण यादव को पदमुक्त कर दिया गया। पार्टी में बने रहेंगे हरियाणा भाजपा के एक शीर्ष नेता ने अमर उजाला को बताया कि अरुण यादव को केवल उनके पद से कार्यमुक्त किया गया है, लेकिन वे पार्टी के सदस्य बने रहेंगे। पार्टी के शीर्ष नेताओं से विचार-विमर्श के बाद इस मामले पर और कोई स्टैंड लिया जाएगा। नेता के मुताबिक, सभी कार्यकर्ताओं को किसी तरह की अभद्र टिप्पणी करने से बचने के लिए कहा गया है।

## क्या बिखर जाएगा सपा का गठबंधन

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी का गठबंधन टूट की कगार पर है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से नाराज बताए जा रहे हैं। राजभर से पहले महान दल के केशव देव मौर्य भी सपा गठबंधन से अलग हो चुके हैं। वहीं, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रमुख शिवपाल यादव भी चुनाव के बाद से ही अखिलेश पर हमलावर रहे हैं ऐसे में सवाल उठता है कि क्या समाजवादी पार्टी का गठबंधन पूरी तरह बिखर जाएगा? आखिर सपा के साथ चुनाव लड़ने वाली पार्टियां बाद में अलग क्यों हो जाती हैं? क्यों सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर गठबंधन की पार्टियों को तवज्जो न देने के आरोप लगते हैं? आइए जानते हैं... विपक्ष के राष्ट्रपति उम्मीदवार यशवंत सिन्हा गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। यहां समाजवादी पार्टी और रालोद के विधायकों ने उन्हें अपना समर्थन दिया। हालांकि, इस कार्यक्रम में सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाले ओम प्रकाश राजभर और उनकी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायकों को नहीं बुलाया गया। इस पर



मीडिया ने ओम प्रकाश राजभर से सवाल पूछा। तो उन्होंने कहा, 'मुझे बुलाया नहीं गया था। सपा अध्यक्ष को जयंत चौधरी की जरूरत है। अब मेरी जरूरत नहीं है। राष्ट्रपति चुनाव पर कल के बाद फैसला लेंगे।' ये पहली बार नहीं था, जब ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा हो। चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही वह सपा प्रमुख पर लगातार हमलावर होते रहे हैं। विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव के दौरान भी राजभर ने अखिलेश यादव पर तंज कसा था। ओम प्रकाश राजभर चाहते थे कि विधान परिषद की चार सीटों में कम से कम एक सीट उन्हें मिले, जिससे उनका बेटा सदन में पहुंच सके। लेकिन अखिलेश यादव ने इंकार कर दिया। इससे नाराज राजभर ने तंज कसते हुए कहा था कि 34 सीट पर चुनाव लड़कर आठ जीतने वाले को राज्यसभा का इनाम मिला और 14 सीट लेकर छह जीतने वाले की अनदेखी हुई। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव हारने के बाद भी राजभर ने अखिलेश पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, 'अगर अखिलेश आजमगढ़ गए होते तो चुनाव जीत जाते। हम लोग धूप में प्रचार कर रहे थे और वे एसी में बैठे रहे।' इस पर बुधवार को अखिलेश ने कहा कि सपा को किसी की सलाह की जरूरत नहीं है। कई बार राजनीति पर्दे के पीछे से चलती है।



# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज द्वारा जनपद अमेठी में आज एक प्रचार प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** जिसमें श्री रविंदर कुमार, क्षेत्रीय निदेशक ने संस्थान द्वारा संचालित माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, व्यावसायिक एवं मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रमों की जानकारी विस्तार से दी गयी। इसके अलावा अन्य पारंपरिक बोर्डों की अपेक्षा एनआईओएस द्वारा दी जा रही विशेष सुविधाओं जैसे घर बैठे ऑनलाइन प्रवेश व स्वाध्ययन की सुविधा, बिना किसी अतिरिक्त शुल्क घर पे अध्ययन सामग्री प्रदान करना, प्रवेश हेतु अधिकतम आयु सीमा की कोई बाध्यता नही, क्रेडिट संचयन की सुविधा, प्रवेश की वैधता 5 वर्ष एवं इस दौरान 09 बार परीक्षा देने का अवसर, जब चाहो तब परीक्षा का विकल्प, शैक्षणिक सहायता हेतु निकटतम अध्ययन केंद्र चुनने एवं पीसीपी कक्षाओं की सुविधा, पार्ट एडमिशन की सुविधा, टीएमए द्वारा स्वमूल्यांकन की सुविधा, न्यूनतम प्रवेश एवं परीक्षा शुल्क, 100 से अधिक व्यावसायिक पाठ्यक्रमो के माध्यम से रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने इत्यादि से उपस्थित श्रोतागणों को अवगत कराया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान ऐसे छात्रों का भविष्य निर्माण करने में सहयोग करता है जो किसी कारणवश अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए हैं दूसरे बोर्डों से किन्हीं विषयों में फेल हुए छात्र एनआईओएस से फार्म भरकर परीक्षा देकर के सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं यह सर्टिफिकेट संपूर्ण भारत में मान्य है इसके आधार पर अभ्यर्थी दूसरी कक्षा में प्रवेश पा सकता है अथवा सरकारी एवं गैर सरकारी नौकरियों में अपना स्थान अपनी योग्यता के अनुरूप सुरक्षित कर सकता है। कार्यक्रम में एनआईओएस से श्री रविंदर कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, श्री हितेश कुमार दीक्षित, सहायक, श्री संजय श्रीवास्तव, कार्यालय सहायक, श्री पवन कुमार वर्मा, कार्यकारी अधिकारी, क्षेत्रीय केंद्र अमेठी के अतिरिक्त डॉ आराधना राज, उपनिदेशक, नेहरू युवा केन्द्र, डॉ अंगद सिंह, प्रवक्ता, आर आर पी जी कॉलेज, डॉ धनंजय सिंह, प्रवक्ता, आर आर पी जी कॉलेज, श्रीमती अरुणा सिंह, प्रधानाचार्या, आर्य समाज मंदिर स्कूल, श्री अनुराग जायसवाल, निदेशक, राष्ट्रीय कंप्यूटर संस्थान एवं 50 स्थानीय छात्राएँ उपस्थित थीं।



# सकुशल बीता जुमा नमाज़ बाद लोग अपने घर गए

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** फूलपुर में नमाज जुमा सकुशल संपनन्‍ हुई पूरे क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली। इस बीच सीओ फूलपुर राम सागर व थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय लगातार भ्रमण पर रहे। कस्बे की जमीला बाद, शेखपुर, सिकंदरा रोड, मुबारकपुर रोड मस्जिदों पर नमाज के बाद लोग अपने-अपने घरों को वापस गए। रविवार को बकरा ईद का महत्वपूर्ण त्यौहार होने के कारण लोग बकरीद की तैयारी में लगे हैं। इस बीच ग्रामीण क्षेत्र के मैलहन, सलमापुर, कोनार, अगहुवा, बाबूगंज, वीरकाजी, भुलई का पुरा, कनौजा,सौरहा आदि गांवो में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई।



# उमस भरी गर्मी के चलते स्कूल में शिक्षण कार्य के दौरान बच्चे हो रहे अचेत.....

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** बरसात के दिनों समय से बारिश न होने के कारण उमस भरी गर्मी इतनी बढ़ती जा रही है की गांव के बच्चे भी स्कूलों में शिक्षण कार्य के दौरान अचेत हो रहे है जो चिंता का विषय है इससे अध्यापकों सहित अभिभावकों में हड़कंप मच गया है। फूलपुर विकास खंड के कोड़ापर उच्च प्राथमिक विद्यालय सहित चंदौकी गांव के परिषदीय विद्यालय में शिक्षण कार्य के दौरान बच्चो का अचेत हो जाने से शिक्षको सहित अभिभावक परेशान है शुक्रवार को शिक्षण कार्य के दौरान कोड़ापर उच्च प्राथमिक विद्यालय में कोड़ापुर गांव का कक्षा 6 का छात्र अचानक अचेत होकर गिर पड़ा तो बच्चो और अध्यापकों में हड़कंप मच गया अध्यापक उसे पास के अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराने के बाद उपचार शुरू कराया तो थोड़ी ही देर में उसी विद्यालय का मलकापुर गांव का रहने वाला कक्षा 7 का छात्र सत्यम अचेत होकर गिर पड़ा इससे अध्यापक और बच्चे घबड़ा गए उसे भी पास के अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही अभिभावकों को सूचना दिया तो अभिभावक भी भागकर अस्पताल पहुंचे दोनो बच्चो को उपचार के बाद छोड़ दिया गया इसी प्रकार फूलपुर विकास खंड के चंदौकी गांव के प्राथमिक विद्यालय में एक छात्र अचेत हो गया उसका भी अध्यापकों ने उपचार कराया इस बाबत डाक्टरों का कहना है की जो बच्चे अधिक गर्मी को बर्दास्त नही कर पा रहे है उनको चक्कर आने के कारण अचेत हो जा रहे है यह सामान्य बीमारी है जब की अधिकांस अभिभावकों का कहना है की सरकार को प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्कूलों को बंद कर देना चाहिए। फूलपुर से मौजी लाल रावत की रिपोर्ट।



# समाधान दिवस में उमड़ी भीड़ लगवानी पड़ी लाइन

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** गांवों में बढ़ रहे जमीनी विवाद जिसके कारण नित्य मारपीट के मुकदमें बढ़ रहे हैं। उन्हीं के मद्देनजर आज के समाधान दिवस में काफी संख्या में फरियादी जुटे। अंततः पुलिस को लाइन लगवानी पढ़ी थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय ने सहायतार्थ जय सिंह नारायण यादव वरिष्ठ उपनिरीक्षक भी फरियादियों को सुन रहे थे। अधिकांश मामले तो मौके पर निपट गए। कुछ में पुलिस व राजस्व विभाग की जॉइंट टीम को मौके पर निपटाने हेतु सात प्रार्थना पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक माजिद खान निखिल कुमार चौकी इंचार्ज विनय कुमार दुबे राजेश वर्मा आदि के अलावा लेखपाल राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।



# एटीएम बदलकर निकालें 40 हजार

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** कोतवाली के उग्रसेनपुर बाजार में लगे एटीएम से कंधरपुर गांव निवासी लाल जी शुक्ला बृहस्पतिवार दोपहर पैसा निकालने गये। एटीएम में कार्ड फस गया। पीछे खड़ा शातिर यह देख रहा था। पिन नंबर भी याद कर लिया। उसने लाल जी को कार्ड बदलकर पहले से चुराया हुआ यासीन बानो का कार्ड थमा दिया और लाल जी का कार्ड लेकर चलता बना। थोड़ी देर में लाल जी के मोबाइल पर 40, हजार निकल जाने का मैसेज आया। तो घबरा कर थाने आए यहां पूरी घटना की जानकारी थाने में देने के बाद घटना की तहरीर दी।

# मार्ग दुर्घटना में एक घायल, रिफर

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** बीती शाम कोतवाली के भुलई का पूरा गांव के पास फूलपुर खिनिन्यहवा तालाब निवासी सुरेंद्र कुमार उम्र 38 वर्ष पुत्र धनराज पटेल जो बाबूगंज की ओर से फूलपुर आ रहा था ।कि सवारियो भरी अप्पे से भिड़ गया। जिसमें 3 को गंभीर चोटे आई। घायल अवस्था में उसे सीएचसी फूलपुर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

# आग से बचाव के बताए टिप्स

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** इन दिनों फूलपुर के अगिन्शमन दल द्वारा क्षेत्र के अस्पतालों, नर्सिंग होम, शिक्षण संस्थानों आदि में सरकारी आदेश पर घूम घूमकर अगिन से बचाव के तरीके फायर कमिर्यों द्वारा बताए जा रहे हैं। शनिवार फूलपुर के सरैया मोड़ स्थित स्कूल मदर टेरेसा में दल के कर्मचारियों ने पहुंचकर शिक्षक, शिक्षिकाओं अध्ययनरत बालक, बालिकाओं को अचानक आग लगने और उससे बचाव के टिप्स दिए। फायर कर्मियों ने एक्सिटीग्यूशर रिफिल रखने के निर्देश दिए। टीम ने आग जलाकर उस पर काबू पाने का तरीका प्रबंधक परिवार विद्यालय परिवार को बताएं। मौके पर अगिन्शमन के अमरजीत यादव, आलोक यादव, प्रमोद कुमार द्विवेदी, कैलाश मनि, सुरेश चंद्र मौर्य, अमृतलाल, सुषमा यादव, बिभा मौर्या, अर्चना मौर्या, आरती साहू, अभिषेक केसरवानी, आरती पांडेय, अंजली गुप्ता, शैली श्रीवास्तव, वंदना शर्मा, प्रधानाचार्य अनुजा मैम एवं प्रबंधक अरुण अग्रवाल ने दल के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



# फूलपुर में नए खंड विकास अधिकारी ने लिया चार्ज प्रमुख ने किया स्वागत

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** फूलपुर ब्लाक में शुक्रवार को नए खंड विकास अधिकारी ने भूलुन प्रसाद यादव ने अपना चार्ज ग्रहण कर लिया इसके पूर्व उक्त खंड विकास अधिकारी बाराबंकी जनपद के बंकी विकास खंड में तैनात रहे उसके पूर्व अमेठी जनपद में रहे वह वर्ष 2021 बैच के तेज तर्रार खंड विकास अधिकारी में जाने जाते है उनको फूलपुर विकास खंड के अधूरे कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए भेजा गया है।उनके आगमन पर ब्लाक प्रमुख फूलपुर बिपेंद्र सिंह पटेल सहित उनके समर्थकों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए उनसे बेहतर काम करने की अपेक्षा किए। इस मौके पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्याम बाबू गुप्ता,प्रधान अनूप कुमार,अजीत कुमार पटेल,क्षेत्र पंचायत सदस्य अजीत कुमार पटेल,आनंद सिंह,राम सिंह पटेल,धीरज मिश्रा आदि रहे।



# तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौत.....

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** थाना फूलपुर अंतर्गत प्रतापपुर रोड बौडई गांव के पास चौहान बस्ती के सामने फूलपुर मंडी से बाइक पर आलू लादकर जा रहा बरेस्ता कला बीरापुर निवासी कमलेश कुमार पटेल उम्र 28 वर्ष पुत्र राम चंद्र पटेल को सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम मैजिक डाला ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। सड़क पर कमलेश छिटक कर दूर जा गिरा। जिसके सिर वा चेहरे पर गंभीर चोटे आई। सूचना पाकर थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय मय फोर्स मौके पर पहुंचे। जहां चौहान बस्ती के लोग एक्सीडेंट के विरोध में नारेबाजी करके गंभीर अवस्था में पड़े रामचंद्र को उठाने नहीं दे रहे थे। किसी प्रकार समझा-बुझाकर घायल को सीएचसी फूलपुर लाए। जहां उसकी स्थिति नाजुक तथा हल्की सांस चलने के कारण जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचते ही घायल ने दम तोड़ दिया। इधर सूचना पाकर घरवाले भी थाने पहुंचे। परिजनों की तहरीर लेकर डीसीएम चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए मैजिक को कब्जे में लेते हुए थाने लाकर खड़ी किया तथा मृतक का शव मर्चरी हाउस में दाखिल करा दिया गया। रामचंद्र आईटीआइ कर रहा था। पिता सब्जी का कारोबार करता है।

# बड़े बकायेदारों के सम्पत्तियों की वसूली या कुर्क की कार्यवाही होगी -जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की गयी जिसमें राजस्व के बड़े बकायेदारों की कुर्की व वसूली की कार्यवाही किए जाने की जिला अधिकारी के द्वारा बात कही गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत देय, व्यापार, खनन, आबकारी, परिवहन विभाग, नगर निकाय, स्टाम्प ड्यूटी, जी0एस0टी0 सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा की तथा कम वसूली वाले विभाग को सुधार लाने के निर्देश दिये।जी0एस0टी0 की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने उपायुक्त जी0एस0टी0 राम भुवन को निर्देशित किया कि जीएसटी के अन्तर्गत अन्य व्यवसायियों का भी पंजीकरण बढ़ाया जाय। उन्होने सभी ईट भट्ठों, आरा मशीनों एवं अन्य छूटे हुये व्यवसायों के संचालकों को जी0एस0टी0 के अन्तर्गत पंजीकृत कराने का निर्देश दिया ताकि जीएसटी में राजस्व बढ़ाया जा सके। स्टाम्प डूयटी की समीक्षा करते हुये ए0आई0जी0 स्टाम्प द्वारा बताया गया कि 76 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बकाया स्टाम्प ड्यूटी की आर0सी0 की वसूली बढ़ायी जाये तथा विगत 5 वर्ष से लिस्ट रिवाइज नही हुई है उसे रिवाइज करने की कार्यवाही प्रस्तावित करें। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को निर्देशित किया कि स्टाम्प पंजीयन विभाग के राजस्व वसूली की तहसीलवार देयकों की समीक्षा की जाये तथा जिन तहसीलों में सब रजिस्ट्रार की मानक से कम कार्यवाही की गयी है उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने लक्ष्य से कम वसूली किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया कि ए0आर0 टी0ओ0 प्रर्वतन की तैनाती जनपद में हो गयी है इसलिये राजस्व की वसूली का लक्ष्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाये। नगर निकाय शुल्क की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को निर्देशित किया कि नगर निकाय जिसमें नीलामी, ठेके, गृह शुल्क, जलकर तथा अन्य राजस्व वृद्धि के अन्य उपायों की विस्तृत समीक्षा की जाये। वन विभाग की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने आरा मशीनों के अवैध संचालन को रोकने एवं पंजीकृत आरा मशीनों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसी तरह बाट-माप की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी द्वारा बाट-माप विभाग द्वारा की गयी कार्यवाहियों की रिपोर्ट प्रस्तुत न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा पिछले एक वर्ष में व जून माह में जुर्माने की कुल कितनी कार्यवाहियॉ की गयी है उसकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मण्डी शुल्क की समीक्षा करते हुये वित्तीय वर्ष के 03 माह में 4 छापे मण्डी निरीक्षकों द्वारा डाले गये है। बैठक में प्रभारी मण्डी सचिव के अनुपस्थित रहने एवं उनके प्रतिनिधि मण्डी सहायक द्वारा सन्तोषजनक जानकारी न दिये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रभारी मण्डी सचिव के क्रियाकलापों की समीक्षा कर निदेशक मण्डी परिषद को इनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जाये। बैठक में उप निदेशक कृषि द्वारा अवगत कराया गया कि 31 जुलाई तक 30 जून 2022 को जारी मुख्य सचिव के शासनादेश के अनुसार अभियान चलाकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत अपात्रों को हटाने एवं पात्र अवशेष लाभार्थियों को शामिल करने तथा मृतकों को सूची से निरस्त करने का कार्य किया जाना है। इसके साथ ही किसान लाभार्थियों के रकबे को भी डेटा में फीड किया जाना है। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि पीएम किसान निधि के डेटा फीडिंग का कार्य सावधानी पूर्वक किया जाये तथा जिन तहसीलों द्वारा सोशल आडिट की रिपोर्ट उपलब्ध नही करायी गयी है उप कृषि निदेशक को अविलम्ब उपलब्ध करा दी जाये। इसके अतिरिक्त चकबन्दी विभाग एवं राजस्व वादों की विस्तृत समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गयी। जी0एस0टी विभाग, जिला पंचायत एवं खनन विभाग समन्वय बनाकर भट्ठों के खिलाफ सम्मिलित कार्यवाही कर राजस्व देयकों की वसूली सुनिश्चित करायें। राजस्व देयकों की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बड़े बकायेदारों के सम्पत्तियों की वसूली या कुर्क की कार्यवाही की जाये किन्तु गरीबों का उत्पीड़न कदापि न किया जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, इसलिये राजस्व वसूली के लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्र:** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: 15 जुलाई 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्र:– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर आक्रोशित महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन व चक्का जाम

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

**वाराणसी (रोहनिया)।** राजातालाब थाना क्षेत्र के कचहरिया गांव में खुले शराब की दुकान को बंद कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को सुबह 9:30 पर लक्ष्य फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ रंजना शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने जितापुर से जख्खिनी जाने वाली रोड पर चक्का जाम व विरोध प्रदर्शन किया। चक्का जाम के वजह से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन हेतु काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे राजातालाब थाना प्रभारी राम आशीष राम ने आक्रोशित महिलाओं को समझा-बुझाकर शराब की दुकान हटवाने का आश्वासन देकर चक्का जाम समाप्त कराया। आक्रोशित महिलाओं द्वारा सुबह 9:30 बजे से लेकर 11 बजे तक लगभग डेढ़ घंटा तक चक्का जाम चला।लक्ष्य फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ रंजना शर्मा ने बताया कि इस शराब की



दुकान का लाइसेंस महगांव में हुआ है जिसका गुरुवार को महगांव की आक्रोशित महिलाओं ने विरोध किया तो शुक्रवार को कचहरीया गांव में शराब की दुकान खोल दिए।जिसे देखकर कचहरिया गांव की महिलाएं आगबबूला होकर आक्रोशित महिलाओं ने शराब की दुकान को तुरंत हटाने की मांग को लेकर जितापुर से जख्खिनी जाने वाले मार्ग पर चक्का जाम कर दिया।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सदर अखिलेश राय ने शराब की दुकान को तुरंत बंद करने तथा दुकान से शराब खाली करने का निर्देश दिया। और दुकानदार श्रीप्रकाश जायसवाल से शराब की दुकान की चौहद्दी दिखाने को कहा। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ रंजना शर्मा,लक्ष्मी देवी, अनीता, निर्मला देवी, सुनीता देवी, चंपा देवी, फरजाना, रीता देवी, सरिता देवी ,विमला देवी, मंजू देवी, अमरावती देवी, इंद्रावती देवी, निर्मला देवी ,सावित्री देवी ,शांति देवी, मंजू देवी, उर्मिला ,सविता ,कलावती, मीरा, सितारा इत्यादि ग्रामीण महिलाएं शामिल रही।

# धमाके से फिर दहला हैरिंग्टनगंज पुलिस ने घटना स्थल किया सील रात में भी हुआ था विस्फोट..........

**लखनऊ ।** लगातार दो धमाके होने के बाद लोगों के मन में तरह-तरह की शंकाएं उत्पनन्न हो गई हैं। क्षेत्र में चारों तरफ दहशत का माहौल बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को धमाके वाले खेत तक जाने से रोक दिया है। बताया गया कि बाहर से पुलिस फोर्स और कुछ



उत्पन्न हो गया है। फिलहाल धमाके के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को धमाके वाले खेत तक जाने से रोक दिया है। हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी के बगल में गुरुवार की रात एक घर में हुए जोरदार धमाके के बाद शुक्रवार को दिन में 3:15 बजे उस घर के 100 मीटर पश्चिम गनन्े के खेत में फिर जबरदस्त धमाका हुआ। इस धमाके से पूरा क्षेत्र दहल उठा। लगातार दो धमाके होने के बाद लोगों के मन में तरह-तरह की शंकाएं उत्पनन्न हो गई हैं। क्षेत्र में चारों तरफ दहशत का माहौल उत्पनन्न हो गया है। फिलहाल धमाके के जांच एजेंसियों के जांच करने के बाद ही उस खेत तक किसी को जाने दिया जाएगा।इससे पहले गुरुवार की रात में हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी से 500 मीटर पर स्थित रहमतुल्ला के घर में जोरदार धमाका हुआ था, जिसमें उनका तकरीबन 300 स्क्वायर फिट का मकान जमींदोज हो गया है और उनका बेटा इमरान उर्फ कल्लू (30) घायल हुआ है, जिसका लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है।उसकी जांच पड़ताल चल ही रही थी कि शुक्रवार के दोपहर 3:15 बजे रहमतुल्ला घर के 100 मीटर पश्चिम एक गन्ने के खेत में फिर जबरदस्त धमाका हुआ, जिसके बाद लोगों में दहशत का माहौल फैल गया है। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल तक जाने से रोक दिया है।बताया जा रहा है कि मौके पर उच्चाधिकारियों के साथ बम डिस्पोजल दस्ता व अन्य जांच एजेंसियां आने वाली हैं। जब तक जांच एजेंसियां मौके पर पहुंचकर जांच नहीं कर लेंगे तब तक पुलिस वहां किसी को जाने की इजाजत नहीं देगी। फिलहाल शुक्रवार सुबह ही यह सुगबुगाहट हुई थी कि गुरुवार की रात में हुए बम धमाके में घायल इमरान का इलाज कराने के लिए उसका पिता रहमतुल्ला अस्पताल नहीं गया था। लोगों का कहना था कि घर में रखे गए बारूद के जखीरे को किनारे लगाने के लिए रहमतुल्ला अपने बेटे के इलाज कराने के लिए खुद नहीं गया था और यह भी चर्चा लोग कर रहे थे कि घर के 200 मीटर की परिधि में कहीं बारूद व अन्य सामानों को छिपाया गया था। हालांकि उनके घर से पुलिस नौ बोरियों में कुछ बारूद और शादी ब्याह में गोला तमाशा बनाने के सामान बरामद किए थे, लेकिन पुनः धमाका होने के बाद अब लोग दहशत में आ गए हैं। पुलिस जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि इस बार के धमाके के पीछे की वजह क्या है।

# कार्यों में लापरवाही पर जिला कृषि अधिकारी समेत कई अधिकारियों को चेतावनी

**वाराणसी।**शासकीय कार्यों व ग्रामीण क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों में लापरवाही मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने जिला कृषि अधिकारी समेत पांच अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। जबकि एक को आरोप पत्र



जारी किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने बताया कि छह जुलाई को अपर मुख्य सचिव होमगार्ड व जनपद के नोडल अधिकारी अनिल कुमार द्वारा जिले में भ्रमण किया गया था। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी जीडी सिंह समय से लाइजेन आफिसर के दायित्वों का निर्वहन नहीं किए। जिसे लेकर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई है। वहीं विनोद कुमार बिंद खंड विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी अहरौला को आरोप पत्र जारी किया गया है। उनके द्वारा शासन की शीर्ष प्राथमिकता श्रेणी से आच्छादित अमृत सरोवर, मनरेगा रोजगार सृजन, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, नए पशु आश्रय स्थलों का निर्माण एवं संचालित गौआश्रय स्थलों का विस्तारीकरण में प्रगति असंतोषजनक मिली है। इसी प्रकार रामविलास खंड विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी मिर्जापुर, ओमप्रकाश सिंह द्वितीय खंड विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी पवई व पुष्पा सोनकर खंड विकास अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी तहबरपुर को कड़ी चेतावनी दी है। उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कराए गए विकास कार्यों को कराए जाने में लापरवाही बरती जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने बताया कि इसी प्रकार बाबूराम पाल सोनकर खंड विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी फूलपुर व संतोष कुमार यादव खंड विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी अजमतगढ़ द्वारा भी अमृत सरोवर, मनरेगा रोजगार सृजन, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, नए पशु आश्रय स्थलों का निर्माण एवं संचालित गौआश्रय स्थलों को विस्तारीकरण में प्रगति असंतोषजन पाई गई है। जिसे लेकर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई है कि वह जल्द से जल्द प्रगति में सुधार लाएं।

# फिल्मी स्टाइल में अपहरण: होंडा सिटी में लाल जोड़ा लेकर पहुंची युवती

**वानारस।** आपने अपहरण के मामले तो बहुत सुने होंगे, लेकिन शायद ही ऐसा मामला कभी सुना हो। कोर्ट में तैनात स्टेनोग्राफर ने शादी से इनकार कर दिया तो युवती ने अपने भाई के साथ मिलकर अपहरण की साजिश चल डाली। इसके बाद गुरुवार सुबह होंडा सिटी गाड़ी में



आए लोगों ने हथियारों के बल पर युवक का अपहरण कर लिया। यही नहीं युवती के साथ शादी कराने की भी तैयारी शुरू कर दी। लेकिन शादी से पहले ही पुलिस ने नजीबाबाद में आर्य कन्या इंटर कॉलेज के पास से युवक को बरामद कर लिया। इस दौरान पुलिस ने युवती सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया अपहरण के बाद शादी कराने की कोशिश बिजनौर में सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय चांदपुर में तैनात स्टेनोग्राफर अंकुर का गुरुवार सुबह कार सवार लोगों ने अपहरण कर लिया और उनकी हथियारों के बल पर एक युवती के साथ शादी कराने की तैयारी शुरू कर दी। पुलिस ने चार घंटे बाद अंकुर को सकुशल बरामद कर लिया।एसपी दिनेश सिंह ने बताया कि इस मामले में प्रियंका पुत्री स्व. जगतवीर सिंह निवासी गांव मंडौरा थाना नूरपुर, अंकुल निवासी मुराहट थाना शिवालाकलां, सुमित निवासी मंडौरा को गिरफ्तार किया है। प्रियंका का भाई सचिन, रणवीर और कपिल निवासी मुराहट मौके से फरार हो गए। एसपी ने बताया कि गिरफ्तारी के समय प्रियंका की अंकुर के साथ शादी कराने की तैयारी चल रही थी। बताया जा रहा है कि 14 मई 2021 को प्रियंका के साथ अकुंर की शादी होनी थी। शादी के कार्ड भी छप चुके थे, लेकिन अंकुर की मां की मौत होने की वजह से शादी टल गई। बाद में विवाद हुआ और अंकुर ने शादी को इनकार कर दिया था। सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय में तैनात स्टेनोग्राफर का जब अपहरण किया गया, उस समय वह अपने साथी के साथ बाइक से कोर्ट जा रहे थे। चांदपुर में दिन दहाड़े हुई अपहरण करने की इस घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया। घटना पर अधिवक्ताओं ने रोष जताया और न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निणन्य लिया। सीनियर बार एसोसिएशन की योगेश त्यागी की अध्यक्षता व नागेंद्र पाल सिंह के संचालन में हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने घटना के खुलासे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अमरोहा जिले के गांव कड़ापुर निवासी अंकुर कुमार सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय चांदपुर में स्टेनोग्राफर के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में वह सीएचसी स्याऊ के पास अपने साथी प्रदीप कुमार के साथ किराए के मकान में रहते हैं। प्रदीप भी न्यायालय में ही लिपिक हैं। गुरुवार की सुबह अंकुर प्रदीप के साथ बाइक से कमरे से कोर्ट जाने के लिए निकले थे। कमरे से कुछ दूर निकलने के बाद पीछे से आई एक कार से उतरे हथियारबंद लोगों ने बाइक को रुकवा लिया। आरोपियों ने अंकुर को बाइक से खींचकर कार में डाल लिया और फरार हो गए। प्रदीप ने इसकी सूचना कोर्ट में जाकर दी। स्टेनोग्राफर अंकुर को अपहरण के बाद नजीबाबाद ले जाया गया, जहां उसकी मंगेतर के साथ आर्यसमाज मंदिर में शादी कराई जानी थी। पुलिस ने मौके से शादी का जोड़ा, घटना में प्रयुक्त कार और दो तमंचे भी बरामद किए हैं। अंकुर शादी के लिए तैयार नहीं होता तो उसकी जान को भी खतरा था। अपहरण के बाद पुलिस की सर्विलांस और स्वाट टीम भी सक्रिय हो गई थी। जहां से अपहरण हुआ वहीं से पुलिस ने सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए। इससे यह मालूम पड़ता चला गया कि कार किस दिशा में गई है। सीडीआर और लोकेशन के आधार पर पुलिस नजीबाबाद तक पहुंच गई।

# मुख़्तार के करीबी बैजनाथ यादव की डेढ़ करोड़ से अधिक की सम्पत्ति होगी कुर्क, डीएम ने पारित किया आदेश............

(आधुनिक समाचार सेवा)
मधुसूदन तिवारी

**मऊ ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने शनिवार को गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुएसरायलखंसी थाना क्षेत्र के सरवां गाँव निवासी बैजनाथ यादव पुत्र खुद्दी यादव की अवैध तरीके से अर्जित किये धन से सरवां स्थित आराजी संख्या 7 सौ 97 मि. में रकबा 0.070 हेक्टेयर भूमि, जिसकी चौहद्दी पूरब भूमि विद्यालय, पश्चिम सुभावती, उत्तर खेत मंगल व दक्षिण खेत कलीम है, को कुर्क करने का आदेश पारित किया। ज्ञात हो कि इस जमीन का बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ 55 लाख रुपए है। बैजनाथ यादव के विरुद्ध सरायलखंसी थाने में विभिनन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। आदेश पारित करते हुए जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में गैंगस्टर एक्ट के तहत अवैध तरीके से अर्जित किए गए धन के प्रयोग से निर्मित चल,अचल संपत्तियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने का कार्य किया जा रहा है। जनपद में ऐसे सभी लोगों का चिन्हीकरण का कार्य किया जा रहा है,जो अवैध कायी में लिप्त है एवं जिनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के कार्रवाई करने के पर्याप्त आधार मौजूद है, एवं जिन्होंने अवैध तरीके से अर्जित धन से बड़ी संख्या में चल एवं अचल संपत्तियां खड़ी की है। ऐसे सभी लोगों के खिलाफ कुर्क की कार्रवाई की जाएगी।

# 2024 को लेकर भाजपा की बैठक: तैयार की गई कार्य योजना

**वाराणसी।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई मानता नहीं था कि भाजपा आजमगढ़ और रामपुर था, उसे शत प्रतिशत पूरा किया है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव



ने कहा कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दें और उपलब्धियों को बताएं। सरकार ने 100 दिन का जो लक्ष्य तय किया था, उसे शत प्रतिशत पूरा किया है। भाजपा की प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारियों की बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर संगठन की कायन्योजना तैयार की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपचुनाव जीत सकती है लेकिन केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और कार्यकर्ताओं की मेहनत व सकारात्मक सोच से उपचुनाव में जीत मिली।भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दें और उपलब्धियों को बताएं। सरकार ने 100 दिन का जो लक्ष्य तय किया सिंह ने कहा कार्यकर्ता और पदाधिकारी संगठन की मर्यादा में रहकर काम करें। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा बयान न दें, जिससे संगठन कटघरे में खड़ा हो। महामंत्री सुनील बंसल ने कहा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय कार्यसमिति में पारित हुए प्रस्ताव प्रस्तुत किए।

# आजादी की अमृत महोत्सव के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने सेनानी की पत्नियों को पुष्प भेंटकर स्मृति-चिंन्ह से नवाजा

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया (वाराणसी)।** देश के भारतीय रेलवे द्वारा चलाए जा रहे आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के उपरांत आज शुक्रवार को मंडल रेल



प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय के दिशा- निर्देशन मे वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डा0 अभिषेक के नेतृत्व में मंडल के विभिनन्न स्टेशनों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। दइस आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पतिन्यों को रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी द्वारा सम्मानित किया गया। इस क्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्यामा चरण मिश्रा की पतनी श्रीमती सरस्वती देवी (84 वर्षीय) को अपने कार्यालय में पुष्पगुच्छ ,स्मृति-चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया।स्वर्गीय श्री श्यामा चरण मिश्रा आजाद हिंद फौज के सदस्य के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में सहयोग किया था। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ0अभिषेक एवं रेलवे सुरक्षा बल की टीम मौजूद थी। इसके साथ ही स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री श्यामलाल शर्मा जी की पतनी 102 वर्षीय श्रीमती कांता देवी को उनके आवास पर पहुँचकर सहायक सुरक्षा आयुक्त वाराणसी श्री एम0के0 गौतम एवं रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी मंडल की टीम द्वारा सम्मानित किया गया। श्रीमती कान्ता देवी वृद्धावस्था के कारण कहीं और जाने में असमर्थ है। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री श्यामलाल शर्मा जी ने स्वतंत्रता आन्दोलन में शहीद चंद्रशेखर आजाद के सहयोगी की भूमिका निभाई थी। इसी क्रम में सहायक सुरक्षा आयुक्त रेसुब,छपरा एवं रेलवे सुरक्षा बल छपरा की टीम द्वारा आज 08/07/2022 को छपरा शहर में समय 07.15 से 08.15 बजे तक करीब 8 किलोमीटर की एकता दौड़ का पूरे जोश और जज़्बात के साथ आयोजन कर रेल यात्रियों एवं आम नागरिकों को देश प्रेम के प्रति जागृत किया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा आम जनता को आजादी का महत्व समझाते हुए स्वतंत्रता संग्राम की वीर गाथाएँ सुनाई गईं और देश प्रेम की भावना के जागृत किया गया। इस एकता दौड़ में ईई इएइ के कुल 55 अधिकारी गण,बल सदस्यों ने भाग लिया गया। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा आज शुक्रवार को रेल सुरक्षा बल पोस्ट गाजीपुर द्वारा रेलवे स्टेशन गाजीपुर सिटी के रेलवे सुरक्षा बल बैरेक एवं स्टेशन परिसर में पर्यावरण की शुद्धता के लिए अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया। इसके साथ ही स्टेशन पर उपलब्ध यात्रियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण की रक्षा में सहयोग करने की अपील की गई । वही आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रेलवे सुरक्षा बल बलिया द्वारा रेलवे स्टेशन बलिया के सर्कुलेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर सफाई अभियान चलाया गया जिसमें कुल 15 बल कमिन्यों द्वारा स्वच्छता अभियान में अपना योगदान देकर बलिया स्टेशन परिसर एवं प्लेटफॉर्म पर स्वच्छता अभियान चलाकर व्यापक साफ-सफाई की गई एवं साथ ही यात्रियों, कर्मचारियों एवं एकत्रित व्यक्तियों को अपना पर्यावरण साफ सुथरा रखने के बारे में जागरूक करते हुए स्वच्छता के लिए तत्पर रहने की शपथ दिलाई गई। इस आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट आज़मगढ़ द्वारा चिल्ड्रन सीनियर सेकंडरी स्कूलआज़मगढ़ में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिमसें 200 बच्चे उपस्थित रहे।

# 30 हजार रुपये हेरफेर में एसआई समेत पूरी पुलिस चौकी पर गिरी गाज, दो निलंबित, 15 लाइन हाजिर

**आजमगढ़ ।** युवती से बरामद 30 हजार रुपये हजम करने के मामले में पूरी पुलिस चौकी पर ही गाज गिर गई। एसआई समेत दो को निलंबित कर गया तो 15 सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया गया। यूपी के आजमगढ़ जिले में एक एक युवती दो जुलाई को घर से 30 हजार रुपये और मोबाइल लेकर भाग गई थी। जिसे निजामाबाद थाना अंतर्गत मक्खनपट्टी डगरा के पास ग्रामीणों ने देर रात पकड़ा। सूचना पर फरिहां चौकी प्रभारी एक आरक्षी के साथ मौके पर पहुंचे और



युवती से बरामद 30 हजार रुपये हजम करने के मामले में पुलिस महकमे में बड़ी कार्रवाई हुई है। प्रकरण में पूरी पुलिस चौकी पर ही गाज गिर गई। चौकी प्रभारी (सब इंस्पेक्टर) और एक सिपाही को जहां निलंबित कर दिया गया। तो वहीं चौकी पर तैनात 15 अन्य आरक्षियों को लाइन हाजिर कर दिया गया। गंभीरपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती को लेकर चौकी ले आए।पुलिस ने युवती के पास 30 हजार रुपये और मोबाइल बरामद किया। पूछताछ के बाद गंभीरपुर थाने का मामला होने पर फरिहां चौकी पुलिस ने उसे गंभीरपुर पुलिस के हवाले कर दिया। गंभीरपुर थाने पर परिजनों को बुला कर युवती को उनके हवाले कर दिया गया। युवती ने परिजनों को बताया कि वह 30 हजार रुपये भी लेकर गई थी। जिस पर उसकी मां गंभीरपुर पुलिस ने बरामद पैसा मांगने लगी। इस पर गंभीरपुर पुलिस ने फरिहां चौकी के पास भेज दिया। फरिहां चौकी पहुंचने पर वहां भी यह बताया गया कि युवती से जो भी बरामदगी हुई वो गंभीरपुर थाने के हवाले कर दिया गया। इस पर युवती की मां ने एसपी अनुराग आर्य से गुहार लगाई। एसपी ने जांच के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी फरिहां ज्ञानचंद तिवारी व आरक्षी सौरभ पांडेय को दो दिन पूर्व निलंबित कर दिया। कार्रवाई करने के बाद भी साहब ने प्रकरण को दबाए रखा और इसकी कोई जानकारी किसी को नहीं दी गई। वहीं इसी प्रकरण में एसपी ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए फरिहां चौकी पर तैनात अन्य सभी 12 सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया। एसपी की इस कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मच गया है। एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि चौकी प्रभारी समेत दो को निलंबित कर दिया गया है। वहीं 15 आरक्षियों को लाइनहाजिर कर दिया गया है। इनके स्थान पर पुलिस लाइन से पुलिसकमिन्यों की तैनाती कर दी गई है।

# गोरखपुर को देंगे 464 करोड़ की सौगात.......

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय से तीन एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एंबुलेंस एसबीआई ने उपलब्ध की लागत वाली 181 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, फिर 164 करोड़ 77 लाख 95 हजार रुपये की 27 परियोजनाओं



कराई हैं। 125 लीटर प्रति घंटा की दर से ऑक्सीजन बनाने वाले संयंत्र का लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को विकास की सौगात देंगे। 464 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इसकी तैयारियों में प्रशासनिक अफसर जुटे हैं। लोकार्पण व शिलान्यास समारोह गोरखपुर क्लब में होगा। मुख्यमंत्री दो दिवसीय (12-13) दौरे पर मंगलवार को गोरखपुर आएंगे। सबसे पहले 298 करोड़ 81 लाख 72 हजार रुपये का शिलान्यास होगा। इन परियोजनाओं में सड़क, बाढ़ बचाव व बंधों के सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजना के पात्र लाभाथिन्यों को प्रमाण पत्र भी देंगे। मुख्यमंत्री गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय से तीन एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एंबुलेंस एसबीआई ने उपलब्ध कराई हैं। 125 लीटर प्रति घंटा की दर से ऑक्सीजन बनाने वाले संयंत्र का लोकार्पण भी करेंगे।

# बच्ची के जन्म के 24 घंटे के अंदर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में सावित्री देवी ने कराया पंजीकरण- पुनीत टंडन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**चोपन (सोनभद्र)।** थाना चोपन अंतर्गत एहतेशाम इदरीशी पतनी मनऊवर निवासी हाईडिल कॉलोनी चोपन जिनको गुरुवार की सुबह पेट में दर्द उठा तत्काल सूचना प्राप्त स्वास्थ केंद्र में लाकर भर्ती करवाया गया व दोनों लोगों का टीकाकरण करवाया गया उसके बाद बेटी के जन्म पर खुशी में अस्पताल में मिठाई भी बाटी गई। जच्चा व बच्चा दोनों सुरक्षित सकुशल है।महिला सुरक्षा एवं जनसेवा ट्रस्ट की प्रमाण पत्र बनवाया गया व उसके बाद फौरन मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिलवाने हेतु प्रथम श्रेणी में पंजीकरण किया गया जिसका पंजीकरण संख्या ॅळ22700001709 है जिसमें बच्ची को सरकार द्वारा टोटल 6 श्रेणियों



होते ही सुबह 5 बजे जनसेविका सावित्री देवी व परिजनों ने तत्काल आयुष्मान कार्ड लेकर राबर्ट्सगंज के एक निजी अस्पताल में ले गये जहा डाक्टर ने भर्ती करने को मना कर दिया। जिसके बाद लेकर लोग दूसरे अस्पताल जाने की तैयारी कर ही रहे थे की गाड़ी में रास्ते में ही नार्मल तरीके से सुंदर सी बिटिया ने जन्म लिया जिसके बाद सब कुछ अच्छा होने की वजह से मां व बच्ची को चोपन सामुदायिक अध्यक्ष सावित्री देवी के द्वारा यह सूचना पुनीत टण्डन जिला बाल संरक्षण अधिकारी /जिला प्रोवेशन अधिकारी को दिया गया उन्होंने फौरन उस नन्ही बेटी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा बेटियों के लिये चलायी जा रही महत्वकांक्षी योजना कन्या सुमंगला योजना का फार्म आवेदन करने के लिये कहा जिसके बाद सावित्री द्वारा सभी दस्तावेज परिवार से प्राप्त करके 24 घंटे के अंदर बच्ची का जन्म में 15000 रुपये की धनराशि मिल सकें।सावित्री देवी ने कहा की सभी के सुख दुःख में मैं तत्पर तैयार हु शासन प्रशासन जनप्रतिनिधियों के द्वारा सदैव सहयोग मिलने से आज यह सब कर पाना मेरे लिए संभव हो सका हैं यह सब करके मुझे बहुत सुकून मिलता हैं बचपन से हमेशा दुःख,गरीबी झेली हु इसलिये सबके दुखों में शामिल होकर उनकी मदद करना मुझे बहुत अच्छा लगता हैं।

# सोनभद्र मानव सेवा आश्रम ट्रस्ट के सौजन्य से बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली निकालकर किया गया जागरूक...............

(आधुनिक समाचार सेवा)
**अश्विनी कुमार ठाकुर**

**सोनभद्र ।** भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना सर्व शिक्षा अभियानठ के क्रम में आज दिनांक 11 जुलाई 2022 को जनपद सोनभद्र के कर्मा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा सुकृत में स्थित सोनभद्र मानव सेवा आश्रम ट्रस्ट के सौजन्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम विश्वकर्मा के आदेशानुसार महिला जिला सचिव राधिका यादव के नेतृत्व में बच्चों द्वारा ठस्कूल चलो




अभियानठ जागरूकता रैली निकाली गई। यह अभियान ग्रामीणों व ड्राप्ट आउट बच्चों को जागरूक करने के लिए निकाला गया। तथा बच्चों द्वारा नारा भी लगाया गया कि- आधी रोटी खाएंगे, बच्चों को पढ़ाएंगे, सब पढ़ें- सब बढ़ें। पापा - मम्मी, मेरा नाम लिखा दो, मैं भी पढ़ने जाउँगी। अंत में ट्रस्ट की महिला जिला सचिव राधिका यादव द्वारा बच्चों में पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया तथा ग्रामीणों व बच्चों को समझाया गया कि लड़का हो या लड़की सभी को शिक्षित होना बहुत जरुरी है, दोनों का समान अधिकार है। जब तक नारी शिक्षित नहीं होंगी तब तक हमारा देश तरक्की नहीं कर सकता। नया सत्र 1 अप्रैल से हीं शुरू हो चुका है। गर्मी की छुट्टी के बाद 16 जून 2022 से पुनः सभी माध्यमों के विद्यालय खोल दिए गए हैं। कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए, इसलिए ग्रामीणों से अनुरोध करती हूँ कि स्कूलों में अपने- अपने बच्चों का शत- प्रतिशत नामांकन कराएं और शिक्षित बनाएं।इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम विश्वकर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, जिला सचिव सोनभद्र दिनेश कुमार, महिला जिला सचिव सोनभद्र राधिका यादव, अभिभावक गण तथा बच्चे सम्मिलित रहे।

# जंगल में मिला मानव कंकाल, हत्या की आशंका

**मिर्जापुर ।** हलिया थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव से सटे कटहनिया जंगल में बुधवार को देर शाम जंगल से लौट रहे चरवाहे को मनुष्य की क्षत-विक्षत कंकाल दिखी। चरवाहे ने जंगल में कंकाल मिलने की सूचना पुलिस को दी। जिस पर मौके पर पहुंचे सीओ लालगंज व फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए जंगल में फेंक दिया होगा। बंजारी कला गांव निवासी चरवाहा उमेश बुधवार को सुबह पशुओं को चराने के लिए जंगल में गए थे। देर शाम पशुओं को लेकर वापस गांव लौट रहे थे कि जंगल में मानव कंकाल दिखा। मानव कंकाल दिखने की जानकारी ग्रामीणों सहित थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने मामले की



जांच करते हुए सीओ लालगंज उमाशंकर सिंह को सूचना दी। सीओ लालगंज ने मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया। फोरेंसिक टीम प्रभारी माया शंकर पांडेय ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने गांव के लोगों से कंकाल के संबंध में जानकारी लेने की कोशिश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए जंगल में फेंक दिया होगा। सीओ लालगंज उमाशंकर सिंह ने बताया कि मानव कंकाल मिला है। उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शिनाख्त और जानकारी के लिए जंगल के आस-पास के गांव में भी जानकारी की जा रही है।

# सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की मौत

**मिर्जापुर ।** थाना क्षेत्र के मलुआ गांव के पास बुधवार को देर शाम को बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में चली गई। इस हादसे में घायल बाइक सवार को प्राथमिक उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंडलीय अस्पताल पहुंचने पर रात में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के तिखोर गांव निवासी ऋषिकेश (25) की ससुराल मुरहवा घोरावल सोनभद्र में है। वे मंगलवार को अपने ससुराल गए थे। वहां से वे बुधवार को देर शाम वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में मडि़हान थाना क्षेत्र के मलुआ गांव के पास पहुंचे थे कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। इस हादसे में बाइक से गिरकर वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गंभीर चोट लगी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर घायल को पीएचसी पटेहरा पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। मंडलीय अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ऋषिकेश तीन भाई में दूसरे नंबर पर थे। वे रांची में रहकर निजी कंपनी में काम करते थे। एक माह पूर्व वे रांची से घर आए थे।



# सीमेंट लदा ट्रक पलटा चालक व खलासी बचे बाल बाल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला (सोनभद्र)।** चोपन थाना क्षेत्र के आज शुक्रवार शाम को डहकूडंडी में सीमेंट लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। चालक व खलासी बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेलगुड़वा से कोन के तरफ सीमेंट लोड कर के जा रहा था ट्रक कि डहकूडंडी में पहुंचते ही अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई गनीमत रही कि चालक व खलासी को हल्की फुल्की चोट आई। वही ग्रामीणों ने बताया कि इस समय रोड निर्माण कार्य चल रहा है और ठीकेदार द्वारा आरसीसी ढलाई कर रोड तो बना दिया गया परन्तु पटरी नही होने के कारण आए दिन घटना दुर्घटना होती रहती हैं ,अभी कुछ दिन पहले ही एक बारातियों से भरा बस भी पलटा था जिसमें काफी लोग चोटिल हुए थे और बरसात का मौसम हैं उसपर मिट्टी पड़ने से आए दिन बाइक सवार साइकिल सवार अनियंत्रित होकर गिर कर चोटिल होते रहते हैं। ग्रामीणों शासन प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द रोड किनारे ठीकेदार द्वारा पटरी बनवाया जाय नही तो किसी दी बड़ी दुर्घटना घटी सकता हैं ।



# तस्करी के ले जाये जा रहे 06 राशि गोवंश किया गया बरामद, मौके से 03 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**चोपन (सोनभद्र)।** जनपद में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.07.2022 को थाना चोपन जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-167/2022 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम एवं 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है । **गिरफ्तारी**



पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान तस्करी हेतु ले जा रहे एक अदद पिकअप वाहन ळझ् 64ॅऊ 5037 से कुल 06 राशि गोवंश को बरामद कर मुक्त कराया गया तथा मौके से 03 नफर अभियुक्तगण 1. रईस पुत्र कोदु मियां निवासी ग्राम बज मरवा, थाना खरौदी, जनपद गढ़वा (झारखंड) 2. राजेश बियार पुत्र सुरेंद्र बियार 3 इंद्रजीत गुप्ता पुत्र मथुरा गुप्ता निवासीगण बोदार, थाना कोन, **अभियुक्तगण का विवरण-** 01. रईस पुत्र कोदु मियां निवासी ग्राम बज मरवा, थाना खरौदी, जनपद गढ़वा (झारखंड) । 02. राजेश बियार पुत्र सुरेंद्र बियार, निवासी बोदार, थाना कोन, जनपद सोनभद्र । 03. इंद्रजीत गुप्ता पुत्र मथुरा गुप्ता निवासी बोदार, थाना कोन, जनपद सोनभद्र । **बरामदगी का विवरण-** 1. 06 राशि गोवंश । 2. एक अदद पिकअप 64 5037 ।

# फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहा परिचालक बर्खास्त

**मिर्जापुर ।** रोडवेज मिर्जापुर में तैनात एक परिचालक को फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी करते हुए पाए जाने पर उसे बर्खास्त कर दिया गया है। परिचालक वर्ष 2008 से फर्जी प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी कर रहा था। बर्खास्त होने के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ सरकारी धन की रिकवरी भी की जाएगी। नौकरी हासिल की है। शिकायत पर परिवहन निगम के अधिकारियों ने जांच कराने का निर्देश दिया। एआरएम हरिशंकर पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सदर ने मामले की जांच की। जांच में पता चला कि दिनेश के पिता की जाति कहार है। उन्होंने मांडा के बामपुर स्थित मंगला प्रसाद इंटर



एक वर्ष पूर्व परिचालक के भाई को भी इसी आरोप में बर्खास्त किया गया था। विंध्याचल थाना क्षेत्र के भटेवरा गांव निवासी दिनेश रोडवेज में परिचालक के पद पर कार्यरत था। उसकी नियुक्ति वर्ष 2008 में हुए बैकलाग भर्ती में हुई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता अजय सिंह ने दिनेश के खिलाफ परिवहन निगम में शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि दिनेश जाति का कहार है। उसने गोड़ जाति का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर कॉलेज में जाकर प्रमाण पत्रों की जांच की तो पता चला कि वह कहार है। दिनेश ने फर्जी तरीके से गोड़ जाति का प्रमाण पत्र हासिल कर नौकरी हासिल की। एसडीएम की रिपोर्ट के आधार पर परिचालक को बर्खास्त कर दिया गया है। अब उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सरकारी धन की रिकवरी कराई जाएगी। एआरएम ने बताया कि एक वर्ष पूर्व परिचालक के भाई राजेश को भी इसी आरोप में बर्खास्त किया गया था। वह कार्यालय सहायक के पद पर कार्यरत था।

# 330 लीटर अवैध शराब सहित 19 अभियुक्त गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**आशीष त्रिवेदी**

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम के लिये कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में विभिनन थानों की पुलिस टीमों द्वारा भिनन-भिनन स्थान पर चेकिंग के दौरान कुल 330 लीटर अवैध शराब सहित कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गयी है। विवरण निमन है- **1.थाना खैराबाद- 10 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।2.थाना संदना- 140 ली0 अवैध शराब सहित 09 अभियुक्त गिरफ्तार।. 3.थाना मानपुर 20 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।4.थाना इ0सु0पुर- 60 ली0 अवैध शराब सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार। 5.थाना हरगांव- 60 ली0 अवैध शराब सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार। 6. थाना रामपुरकलां- 20 ली0 अवैध शराब सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार।. 7. थाना रामपुर मथुरा- 20 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**








## शांति भंग तीन अभियुक्त को भेजा जेल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय हाथी नाला थाना क्षेत्र से तीन अभियुक्त को शांति भंग में गिरफ्तार कर भेजा जेल आज रविवार को हाथी नाला थाना क्षेत्र के चक गरदरवा गाव के तीन अभियुक्त कैलाश उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र तुलसी ,शिव शंकर उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र तुलसी, सुरेश उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र तपेश्वर, को जमीनी विवाद के आरोप में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# क्षेत्राधिकारी व हाथीनाला पुलिस ने जंगलों में किया काबिंग......

(आधुनिक समाचार सेवा)
**अनिल कुमार अग्रहरि**


**डाला (सोनभद्र)।** सोनभद्र हाथीनाला थाना क्षेत्र के आज सोमवार को क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व में थाना हाथीनाला पुलिस व पीएसी बल द्वारा थाना क्षेत्र के अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी ओबरा श्री शंकर प्रसाद के नेतृत्व में थाना हाथीनाला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत चक गरदरवा व गरदरवा के दूरस्थ तथा जंगली इलाकों में मय पीएसी बल सघन काम्बिंग की गयी । काम्बिंग के दौरान स्थानीय



ग्राम चक गरदरवा व गरदरवा के दूरस्थ एवं जंगली इलाकों में सघन काम्बिंग की गयी जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित करने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया ।

# 12 छात्राओं समेत 18 मिले कोरोना संक्रमित

**मिर्जापुर ।** चौथी लहर की आशंका के बीच बृहस्पतिवार को जिले में 18 कोविड संक्रमित मिले हैं। इनमें 16 संक्रमित कोन ब्लॉक के कस्तूरबा गांधी विद्यालय के हैं। इनमें 12 छात्राएं और चार स्टाफ शामिल हैं। दो अन्य संक्रमित हैं। सभी को होम आइसोलेशन में रखा गया है। एक ही दिन 18 संक्रमित मिलने के बाद से 16 संक्रमित तो कोन ब्लॉक के कस्तूरबा गांधी विद्यालय के हैं। इनमें 12 छात्राएं है। छात्राएं 12 से 14 वर्ष तक की हैं। इनके अलावा चार महिला स्टाफ संक्रमित हैं। दो अन्य संक्रमितों में विजयपुर निवासी 25 वर्षीय युवक और 60 वर्षीय महिला शामिल है। सभी 18 संक्रमितों को होम आइसोलेशन में संक्रमितों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती चली जा रही है। जून माह में 12 संक्रमित मिले हैं। बृहस्पतिवार को 18 कोविड संक्रमित मिले हैं। इसके बाद भी लोग कोविड प्रोटोकाल का पालन नहीं कर रहे हैं। बाजारों व अस्पतालों में भीड़ उमड़ी रहती है, परंतु कोई भी मॉस्क लगाए नहीं दिखता है। सोशल डिस्टेंस का भी -



जिले में कोविड के एक्टिव केस की संख्या भी 18 हो गई है। तीसरी लहर तक जिले में 12086 संक्रमित मिले थे। उसके बाद मई माह तक कोई संक्रमित नहीं मिला। जून माह में 12 संक्रमित मिले। जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या 12098 हो गई। बीते बुधवार को एक्टिव केस की संख्या शून्य हो गई थी। इस बीच बृहस्पतिवार को अचानक 18 कोविड संक्रमित मिल गए। इसमें रखा गया है। कोविड के नोडल डॉ. वीके भारती ने बताया कि 1908 लोगों की रिपोट प्राप्त हुई है। इनमें एंटीजेन से जांच में 16 और आरटीपीसीआर से जांच में दो की रिपोर्ट कोविड पाजिटिव आई है। जिले में अब तक 12116 संक्रमित मिल चुके हैं। इनमें से 11971 स्वस्थ हो चुके हैं। संक्रमित मिले लोगों में से 127 की मौत हुई है। इस समय जिले में 18 एक्टिव केस हैं। कोविड पालन नहीं किया जा रहा है। उधर, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की 12 छात्राओं समेत 16 लोगों के संक्रमित मिलने पर दो दिन के लिए स्कूल बंद कर दिया गया है। डीसी बालिका शिक्षा केशराज सिंह ने बताया कि विद्यालय में एंटीजेन से जांच कराने पर 16 लोग संक्रमित मिले हैं। सनिटाइजेशन के लिए दो दिन विद्यालय बंद कर दिया गया है।

# भारत ने तीसरे वनडे मैच में श्रीलंका को 216 रन से हराया, तीन मैचों की सीरीज में श्रीलंका का सूपड़ा साफ

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला टीम ने तीसरा वनडे मैच 39 रन से अपने नाम किया और तीन मैचों की सीरीज में श्रीलंकाई टीम का सूपड़ा साफ कर दिया। मिताली राज के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इस सीरीज में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना रश्मि डे सिल्वा और रणवीरा को दो-दो विकेट मिले। कविशा दिल्हारी, रानाशिंगे और कंचना को एक-एक विकेट मिला। श्रीलंका के बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन 256



संन्यास लेने के बाद भारत ने पहली सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत और श्रीलंका की महिला टीम के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मैच टीम इंडिया ने 39 रन से जीत लिया। इसके साथ ही वनडे सीरीज में श्रीलंकाई टीम का सफाया कर दिया। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट खोकर 255 रन बनाए थे। इसके जवाब में श्रीलंका की महिला टीम 47.3 ओवर में 216 रन पर सिमट गई। भारत ने यह मैच 39 रन से अपने नाम किया। भारतीय महिला क्रिकेट की दिग्गज मिताली राज के संन्यास लेने के बाद टीम इंडिया पहली बार वनडे सीरीज में उतरी थी। पहली ही सीरीज में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। आने वाले समय में भी महिला टीम से ऐसे ही गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत का अच्छा स्कोर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं थी। स्मृति मंधाना सिर्फ छह रन बनाकर पवेलियन लौट गईं, लेकिन शेफाली वर्मा ने अच्छी बल्लेबाजी की और 49 रन बनाए। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए यास्तिका भाटिया (30 रन) के साथ 59 रन की साझेदारी की। हालांकि, यास्तिका के आउट होने के बाद भारतीय टीम लड़खड़ा गई। 124 के स्कोर पर छह बल्लेबाज आउट हो गए थे। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत ने पूजा वस्त्राकर (नाबाद 56 रन) के साथ 97 रन की साझेदारी कर भारत को 255 के स्कोर तक पहुंचाया। हरमनप्रीत कौर ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए। श्रीलंका के लिए कप्तान अटापट्टू, रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं थी। पहला विकेट सात रन के स्कोर पर गिर गया था। हालांकि, इसके बाद चमारी अटापट्टू और हसनी परेरा ने 56 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। इसके बाद श्रीलंका के लिए कोई बड़ी साझेदारी नहीं हुई। सभी बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन कोई लंबी पारी नहीं खेल पाया। नीलाक्षी डे सिल्वा ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाए। चमारी अटापट्टू ने 44 रन की पारी खेली। अंत में श्रीलंकाई टीम 47.3 ओवर में 216 रन बनाकर आउट हो गई। भारत के लिए राजेश्वरी गायकवाड़ ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। पूजा वस्त्राकर और मेघना सिंह को दो-दो विकेट मिले। दीप्ती शर्मा, हरमनप्रीत कौर और हरलीन देओल ने एक-एक विकेट लिया।

# सौरव गांगुली की प्री-बर्थडे पार्टी में छाए सचिन डोना गांगुली के साथ दिखीं अंजलि तेंदुलकर

**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान और मौजूदा बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली आठ जुलाई (शुक्रवार) को 50 साल के हो जाएंगे। उनके बर्थडे से पहले जशन मनाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। गांगुली ने प्री-बर्थडे पार्टी में केक काटा। इस दौरान बीसीसीआई के सचिव जय शाह, आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष राजीव शुक्ला, महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर नजर आए अनुभवी क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला ने गुरुवार को ट्विटर पर गांगुली, जय शाह और सचिन तेंदुलकर के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की। इसके कैप्शन में शुक्ला ने लिखा, ठसौरव गांगुली का 50वां जन्मदिन मनाया। उनके आगे के खुशहाल और स्वस्थ जीवन की कामना सोशल मीडिया पर इस पार्टी के कई फोटो वायरल हो रहे हैं। गांगुली और सचिन के बीच काफी अच्छी दोस्ती है और वह यहां भी दिख रही है। इन दोनों के अलावा राजीव शुक्ला और जय शाह के साथ कई अन्य लोग भी दिखाई दिए। एक तस्वीर में सौरव गांगुली की पतनी डोना गांगुली और सचिन तेंदुलकर की पतनी अंजलि तेंदुलकर नजर आ रही हैं। सौरव और डोना की शादी 21 फरवरी 1997 को हुई थी। वहीं, सचिन ने अंजलि से 25 मई 1995 को शादी की थी। गांगुली इस समय इंग्लैंड में हैं। भारतीय टीम भी वहीं है। एजबेस्टन टेस्ट में टीम इंडिया को हार मिली थी। अब भारतीय टीम वहां तीन टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। गांगुली और तेंदुलकर दोनों की इंग्लैंड में क्रिकेट खेलने की काफी अच्छी यादें हैं। दोनों ने इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट और वनडे दोनों में काफी रन बनाए और मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ की कप्तानी में 2007 में इंग्लैंड में भारत की पिछली टेस्ट सीरीज जीतने वाली टीम का हिस्सा थे।





# वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे विराट

**नई दिल्ली ।** विराट ने खुद वेस्टइंडीज दौरे पर आराम की मांग की थी। ऐसे में उनके अलावा बाकी सभी सीनियर खिलाड़ी टी20 सीरीज में खेलेंगे। अब विराट के पास फॉर्म में वापसी के लिए एशिया कप के मैच होंगे। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान 11 जुलाई को हो सकता है। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खत्म होने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम का चयन होगा और इस सीरीज में सभी सीनियर खिलाडियों का खेलना तय है। हालांकि, विराट कोहली ने खुद पूरे वेस्टइंडीज दौरे से आराम मांगा है और वो इस सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे। वनडे सीरीज में विराट सहित कई सीनियर खिलाड.ियों को आराम दिया गया था, लेकिन टी20 सीरीज के लिए विराट को छोड़कर सभी सीनियर खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे। इस सीरीज में ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की भी टी20 टीम में वापसी होना तय है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज 29 जुलाई से शुरू होगी और सात अगस्त को खत्म होगी।



**सुंदर की जगह लेंगे अश्विन** बीसीसीआई से जुड़े एक अधिकारी के अनुसार अश्विन टी20 विश्व कप के लिए भारत के प्लान का हिस्सा हैं। वो वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में खेलेंगे। वहीं, वॉशिंगटन सुंदर अभी भी खेलने के लिए फिट नहीं हैं। जब वो फिट होंगे को रॉयल लंदन कप और काउंटी चैंपियनशिप में लैंकशायर के लिए खेलेंगे।

# एशिया कप में 28 अगस्त को पाकिस्तान से भिड़ेगा भारत......

**नई दिल्ली ।** 2021 टी20 विश्व कप में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया था। अब टीम इंडिया के पास इस हार का बदला लेने का मौका है। 2022 टी20 विश्व कप में भी भारत का सामना पाकिस्तान से होना है। एशिया कप 2022 में भारत का सामना पाकिस्तान से होना है। यह मैच 28 अगस्त को हो सकता है। टीम इंडिया के पास इस मैच में पाकिस्तान को हराकर 2021 टी20 विश्व कप में मिला हार का बदला लेने का मौका रहेगा। एशिया कप का भी आयोजन होना है। भारत इस टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने उतरेगा। 27 अगस्त से मुख्य दौर के मुकाबले शुरू होंगे। इससे पहले क्वालीफाइंग राउंड खेला जाएगा। पाकिस्तान ने 10 विकेट से हराया था 2021 टी20 विश्व कप में भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से था और टीम इंडिया को इस मैच में 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। यह पहला मौका था, जब टीम इंडिया विश्व कप में पाकिस्तान से हारी थी। इससे पहले वनडे या



2022 की मेजबानी श्रीलंका को मिली है। पहले अटकलें लगाई जा रहीं थी कि श्रीलंका में चल रहे आर्थिक संकट की वजह से यह टूर्नामेंट यूएई में हो सकता है, लेकिन अब यह टूर्नामेंट श्रीलंका में ही तय शेड्यूल के अनुसार खेला जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार श्रीलंका क्रिकेट के सीईओ एश्ले डेसिल्वा ने एशियन क्रिकेट काउंसिल को भी इसके लिए राजी कर लिया है। इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा, क्योंकि इसके बाद टी20 विश्व कप टी20 विश्व कप में पाकिस्तान कभी भी भारत को नहीं हरा पाया था। 2021 टी20 विश्व कप में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से हारने के बाद भारत लीग स्टेज से ही बाहर हो गया था। अब टीम इंडिया के पास इस हार का बदला लेने का मौका है। इन टीमों के बीच होगा मुकाबला एशिया कप 2022 में मुख्य दौर के लिए भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान पहले ही जगह बना चुके हैं, लेकिन एक टीम का नाम तय होना बाकी है।

# रोहित लगातार 13 टी-20 जीतने वाले पहले कप्तान, भारत ने इंग्लैंड को 50 रन से हराया


**नई दिल्ली ।** हार्दिक एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 50 प्लस रन स्कोर करने वाले और चार विकेट झटकने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। इस जीत के साथ टीम इंडिया टी-20 सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। रोहित लगातार 13 टी-20 अंतरराष्ट्रीय जीतने वाले दुनिया के पहले कप्तान बन गए हैं। टीम इंडिया ने एजबेस्टन टेस्ट में हार का बदला भी लिया। भारत ने साउथैम्पटन में खेले गए तीन मैचों



की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 50 रन से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 198 रन बनाए। हार्दिक पांड्या ने 51 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में इंग्लैंड की टीम 19.3 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। बल्लेबाजी के बाद हार्दिक ने गेंदबाजी में भी जलवा बिखेरा और अपने कोटे के चार ओवर में 33 रन देकर चार विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दिया गया। हार्दिक एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 50 प्लस रन स्कोर करने वाले और चार विकेट झटकने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। इस जीत के साथ टीम इंडिया टी-20 सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। रोहित लगातार 13 टी-20 अंतरराष्ट्रीय जीतने वाले दुनिया के पहले कप्तान बन गए हैं। टीम इंडिया ने एजबेस्टन टेस्ट में हार का बदला भी लिया। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टी-20 शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा। दूसरे टी-20 में भारतीय सीनियर खिलाडियों की वापसी होगी। विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत इस मैच में वापसी करेंगे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम इंडिया को 29 के कुल स्कोर पर पहला झटका लगा। कप्तान रोहित शर्मा 14 गेंदों पर पांच चौके की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ईशान किशन भी 10 गेंदों पर आठ रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों को स्पिनर मोईन अली ने पवेलियन भेजा। इसके बाद दीपक हुड्डा ने कुछ अच्छे शॉट्स लगाए। हालांकि, वह 17 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्के की मदद से 33 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सूर्यकुमार ने हार्दिक पांड्या के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी निभाई। सूर्या 19 गेंदों पर चार चौके और दो छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल 12 गेंदों पर 17 रन, दिनेश कार्तिक सात गेंदों पर 11 रन और हर्षल पटेल छह गेंदों पर तीन रन बनाकर आउट हुए। इस दौरान हार्दिक ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला अर्धशतक लगाया। वे 33 गेंदों पर छह चौके और एक छक्का की मदद से 51 रन बनाकर आउट हुए। भुवनेश्वर कुमार एक रन और अर्शदीप सिंह दो रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से मोईन अली और क्रिस जॉर्डन ने दो-दो विकेट झटके। इसके अलावा रीस टॉपली, टाइमल मिल्स और पार्किंसन को एक-एक विकेट मिला। 199 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 33 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड को पहला झटका भुवनेश्वर कुमार ने दिया।

# स्टीव स्मिथ ने 67 करोड़ रुपये में बेची सिडनी वाली हवेली, दो साल बाद मिली दोगुनी कीमत

**नई दिल्ली ।** स्टीव स्मिथ ने यह हवेली दो साल पहले खरीदी थी और अब उसे 12.38 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (67 करोड़ रुपये) में बेचा है। उन्हें लगभग दोगुनी कीमत मिली है। इस घर में चार बेडरूम और तीन बाथरूम हैं। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव स्मिथ ने सिडनी में स्थित अपनी हवेली बेच दी है। उन्होंने यह हवेली 12.38 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (67 करोड़ रुपये) में बेची है। स्मिथ ने यह हवेली दो साल पहले खरीदी थी और अब उन्हें इसकी दोगुनी कीमत मिली है। इस हवेली में कुल चार बेडरूम और तीन बाथरूम हैं। इसे खरीदने के लिए चार पार्टियों ने बोली लगाई थी और शुरुआती बोली 11.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर थी। अंत में यह हवेली 8.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कीमत पर बिकी। स्टीव स्मिथ और उनकी पतनी डैनी विल्स ने 2020 में यह हवेली 6.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर में खरीदी थी। इस घर में कई अलीशान सुविधाएं मौजूद हैं। सिनेमा से लेकर पूल तक कई शानदार सुविधाएं 766 स्क्वायर मीटर में बनी यह हवेली कई शानदार सुविधाओं से लैस है। इसमें एक सिनेमाहॉल, हीटेड पूल आग लगाने की जगह और आखों को सुकून देने वाले कई शानदार नजारे भी हैं। इस घर की मरम्मत में स्मिथ और उनकी पतनी ने लगभग 560 हजार अमेरिक डॉलर खर्च कर इस हवेली की मरम्मत कराई थी। इसी वजह से इस हवेली की बोली 11.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर से शुरू हुई। श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे स्मिथ स्टीव स्मिथ श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। दो मैचों की सीरीज का पहला मैच ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 10 विकेट से जीता था। पहली पारी में स्मिथ रन आउट हो गए थे और बहुत बड़ी पारी नहीं खेल पाए थे। दूसरी पारी में उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। अब दूसरे टेस्ट में अच्छी पारी खेलना चाहेंगे। फिलहाल इस मैच की पहली पारी में वो अर्धशतक लगाकर खेल रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 200 रन के पार जा चुका है। स्टीव स्मिथ मौजूदा समय में ऑस्ट्रेलिया के सबसे अहम बल्लेबाजों में शामिल हैं। चौथे नंबर पर खेलने वाले स्मिथ पर अधिकतर मौकों पर टीम को संभालने की जिम्मेदारी होती है और पिछले कुछ सालों में उन्होंने यह काम बखूबी किया है।



# ब्रेंडन मैक्कुलम ने बैजबॉल को मूर्खतापूर्ण शब्द बताया, स्मिथ के बयान पर बोले

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैक्कुलम ने बैजबॉल को एक घटिया शब्द बताया है। इसके साथ ही उन्होंने स्टीव स्मिथ के बयान पर कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच को लेकर वो काफी उत्साहित हैं। इंग्लैंड के नए कोच ब्रेंडन मैक्कुलम और कप्तान बेन स्टोक्स ने पिछले कुछ हफ्तों में टीम को पूरी तरह से बदल दिया है। इंग्लैंड की जो टीम ऑस्ट्रेलिया में लगातार हार रही थी। वेस्टइंडीज में भी जीत के लिए जूझ रही थी। वही टीम न्यूजीलैंड और भारत जैसी टीम के खिलाफ लगातार चार मैच जीत चुकी है। भारत के खिलाफ इंग्लैंड की जीत के बाद बैजबॉल शब्द बहुत चर्चा में है। इंग्लिश मीडिया ने इंग्लैंड टीम पर कोच और कप्तान के प्रभाव को यह नाम दिया है। पिछले कुछ हफ्तों में इंग्लैंड की टीम टेस्ट क्रिकेट में आक्रामक अंदाज में खेली है। इसी अंदाज को बैजबॉल कहा जा रहा है। हालांकि, खुद ब्रेंडन मैक्कुलम को यह शब्द पसंद नहीं है और उन्होंने इसे एक घटिया शब्द करार दिया है। मैक्कुलम को नहीं पता, क्या है बैजबॉल एडम गिलक्रिस्ट से बात करते हुए मैक्कुलम ने कहा मुझे नहीं पता बैजबॉल क्या है, लेकिन खिलाड.ियों ने शानदार खेल दिखाया है। मैं इससे बेहतर शुरुआत के बारे में नहीं सोच सकता। मुझे यकीन है कि हमारे खिलाड़ी आगे भी यह सकारात्मक रवैया अपनाने की कोशिश करेंगे। मुझे लगता है कि सिर्फ आक्रामक होना इसके लिए काफी नहीं है, जिस तरह से खिलाड़ी खेले हैं वह रवैया जरूरी है। इसी वजह से मैं इस घटिया शब्द को नहीं पसंद करता हूं, जो लोग लगातार इस्तेमाल कर रहे हैं। किस गेंदबाज को निशाने पर लेना और कब निशाने पर लेना है। यह समझना जरूरी है। जरूरत के हिसाब से सबने अपना खेल बदला है। कई मौकों पर उन्होंने शानदार तरीके से दबाव सोखा है। स्मिथ को भी दिया जवाब कुछ समय पहले स्टीव स्मिथ ने कहा था कि जब जोश हेजलवुड और पैट कमिंस हरी पिच पर गेंदबाजी करेंगे तो यह देखना मजेदार होगा कि बैजबॉल कितना प्रभावी साबित होता है। इस पर मैक्कुलम ने कहा ठमैंने वो कमेंट अपनी फीड पर कहीं देखे थे। यह सच है, जब हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगे तो यह अलग चुनौती होगी। इस दौरान हमारे तरीके को चुनौती मिलेगी। इससे पता चलेगा कि हम क्या हासिल करने में सक्षम हैं और मेरी समझ में यह काफी रोमांचकक होने वाला है।



## खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली को माइकल वॉन ने दी सलाह

**नई दिल्ली ।** कहा- बीच पर जाकर करें आरामकोहली एजबेस्टन में खेले गए पांचवें टेस्ट में 11 और 20 रन की पारी ही खेल पाए थे। इसके बाद फॉर्म को लेकर उनकी बहुत आलोचना हुई थी। विराट मैच के दौरान शानदार तरीके से खेल रहे थे। ऐसा लग रहा था कि वह लंबी पारी खेल पाएंगे, लेकिन अच्छी शुरुआत को वह आगे नहीं बढ़ा पाए। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने सुझाव दिया है कि खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली को तीन महीने के लिए ब्रेक लेना चाहिए। वॉन ने इसके अलावा यह भी कहा है कि उन्हें बीच (समुद्र तट) पर जाकर बैठकर आराम करना चाहिए। कोहली एजबेस्टन में खेले गए पांचवें टेस्ट में 11 और 20 रन की पारी ही खेल पाए थे। इसके बाद फॉर्म को लेकर उनकी बहुत आलोचना हुई थी। विराट मैच के दौरान शानदार तरीके से खेल रहे थे। ऐसा लग रहा था कि वह लंबी पारी खेल पाएंगे, लेकिन अच्छी शुरुआत को वह आगे नहीं बढ़ा पाए। इंग्लैंड ने मैच जीतकर सीरीज को 2-2 की बराबरी पर ला दिया। पिछले साल अगस्त-सितंबर में पांच टेस्ट की सीरीज के चार मैच हो गए थे। तब भारत 2-1 से आगे था। पांचवां टेस्ट कोरोना के कारण नहीं हो सका था।

# राशीफल

**मेष-:**आप ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे लेकिन काम का बोझ आपको परेशान करेगा। वित्तीय कल्याण आपके लिए अपनी ज़रूरत की चीज़ें खरीदना आसान बना देगा।

**वृष-:**आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका मन चाह सकता है कि आप कोई नया काम शुरू करें। जिसमें आपको सफलता भी मिलेगी।

**मिथुन-:**कोई शुभ समाचार मिल सकता है। सहभागी व्यवसायों और वित्तीय योजनाओं में हेराफेरी करने में निवेश न करें। आपका ऊर्जावान, जीवंत और गर्मजोशी भरा व्यवहार आज आपके आस-पास के लोगों को खुश कर देगा।

**कर्क-:**आज का दिन अच्छा रहने वाला है. आज अचानक आपका आपा खो सकता है और जीवनसाथी से विवाद हो सकता है। करियर के मामले में आप पर जितनी जिम्मेदारियां आप संभाल सकते हैं

**सिंह-:**बेचैनी की फुसफुसाहट आपको परेशान कर सकती है. इससे बचने के लिए टहलने जाएं और ताजी हवा में गहरी सांस लें। साथ ही सकारात्मक सोच भी बहुत मददगार होगी।

**कन्या-:**आज आप भाग्यशाली रहेंगे। मेडिकल छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको किसी अच्छे डॉक्टर के साथ काम करने का मौका मिल सकता है। पारिवारिक किसी महत्वपूर्ण कार्य के कारण आपको स्टेशन से बाहर।

**तुला-:**तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. घर में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपकी उपलब्धि परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी सफलताओं की सूची।

**वृश्चिक-:**आज के दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी. आज आप सकारात्मक तरंगों से भरे हुए हैं। अपनी योजनाओं को दूसरों के साथ साझा न करें, अन्यथा दूसरे लोग इसका फायदा उठा सकते हैं।

**धनु-:**अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है. मन जीवन का द्वार है, क्योंकि इससे अच्छा और बुरा सब कुछ आता है। यह जीवन की समस्याओं पर काबू पाने में मददगार साबित है।

**मकर-:**आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. व्यापार से जुड़ा कोई जरूरी काम आज पूरा हो सकता है। कोई नया काम शुरू करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज आप हर उस व्यक्ति के साथ प्यार से पेश आएंगें।

**कुंभ-:**अपने शरीर से थकान को दूर करने और अपनी ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने के लिए आपको पूर्ण आराम की आवश्यकता है, अन्यथा शरीर की थकान आपके मन में निराशा को जन्म दे सकती है।

**मीन-:**तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. घर में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपकी उपलब्धि परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी सफलताओं की सूची।

## सम्पादकीय

### हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की बढ़ती डिमांड में अहम योगदान दे रहा हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म...............

जैसे-जैसे दुनिया पटरी पर लौट रही है, सभी उद्योग पूरी तरह से पुनर्जीवित होने की कोशिश कर रहे हैं और करियर की एक विस्तृत श्रृंखला पेश कर रहे हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि भारत में यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र सबसे आकर्षक करियर विकल्पों में से एक क्यों है? ऐसा लगता है कि हर दूसरा व्यक्ति इस उद्योग का हिस्सा बनने की ख्वाहिश रखता है और यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है पर्यटन में रिबाउंड के साथ, इस क्षेत्र में मार्च में अधिकतम हायरिंग देखी जा रही है। एक शोध के अनुसार, यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र में पिछले साल की महामारी की लहरों की बेड़ियों से बचते हुए. छुट्टियों के मौसम के करीब आते ही हायरिंग में 357 प्रतिशत की वृद्धि का अनुभव हो रहा है।हालाँकि, स्थिति वर्तमान में विकसित हो रही है। जैसा कि अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं ने अपने यात्रा प्रतिबंधों और मानकों में ढील दी है जिससे यात्रियों की वृद्धि होने के कारण, आतिथ्य और पर्यटन उद्योग, एक बार फिर पहले जैसे हो गये है। जिसके परिणामस्वरुप होटल प्रबंधन में नौकरी के ढेर सारे विकल्प हैं।विश्व के विभिनन्‍ उद्योगों में आतिथ्य उद्योग निरंतर विकास और विस्तार के पथ पर अग्रसर है। हालांकि, ण्ध्न्न्छ्‌ महामारी के दौरान न केवल आतिथ्य उद्योग अपितु अन्य सभी उद्योग भी समान रूप से प्रभावित हुए हैं लेकिन अब यह एक तरह से खत्म हो गया है। जैसे-जैसे दुनिया पटरी पर लौट रही है, सभी उद्योग पूरी तरह से पुनर्जीवित होने की कोशिश कर रहे हैं और करियर की एक विस्तृत श्रृंखला पेश कर रहे हैं। इसी तरह, वर्तमान में हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में एक उत्कृष्ट करियर को आकार देना समयानुकूल है - बशर्ते कि आपने भारत के सर्वश्रेष्ठ होटल मैनेजमेंट कॉलेजों में से एक से अपनी डिग्री पूरी की हो। हॉस्पिटैलिटी उद्योग ने सभी उतार-चढ़ावों के बावजूद, एक बार फिर पटरी पर वापस आने में कामयाबी हासिल की है क्योंकि लोगों ने यात्रा करना शुरू कर दिया है, होटल आवास आदि का उपयोग करना शुरू कर दिया है। क्या 2022 में होटल प्रबंधन अभी भी एक व्यवहार्य करियर विकल्प है?2022 में होटल मैनेजमेंट में करियर ढेर सारे विकल्प प्रदान करेगा। होटल प्रबंधन में कैरियर की संभावनाएं 2022 में तेजी से बढ़ने और पूरे दशक में स्थिर रहने की उम्मीद है। नतीजतन, यह दावा करना सुरक्षित है कि अब होटल प्रबंधन में एक सफल करियर के लिए साइन अप करने का सबसे अच्छा क्षण है। केनेथ रिसर्च ने भारत में होटल उद्योग पर एक रिपोर्ट जारी की जिसमें 2022-2031 की पूर्वानुमान अवधि में बाजार और उद्योग की अंतदृष्टि का विस्तृत विश्लेषण शामिल है। बाजार मूल्य के विश्लेषण और पूर्वानुमान अवधि के दौरान सीएजीआर की गणना के आधार पर रिपोर्ट में बाजार में नवीनतम रुझानों और व्यापार के अवसरों पर चर्चा की गई है। पूर्वानुमान अवधि के दौरान बाजार में महत्वपूर्ण सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है। इसका मतलब है कि सर्वश्रेष्ठ होटल प्रबंधन कॉलेजों के सनतक भारत और विदेशों में होटल प्रबंधन में सफल करियर बना सकते हैं।मोदी की 'मेक इन इंडिया' पहल से अंतरराष्ट्रीय पूंजी को औद्योगिक क्षेत्र में आकर्षित करने के साथ-साथ देश के होटल और पर्यटन उद्योगों में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है। इसके शीर्ष पर भारत की सक्रिय पर्यटन नीति उद्योग के पुनरुत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक है।होटल प्रबंधन में करियर उच्च-भुगतान वाले पेशे तेजी से उननति और दुनिया की यात्रा करने और विविध संस्कृतियों के बारे में जानने का अवसरप्रदान करते हैं।लगातार होटल में नए ग्राहकों से मिलने का मतलब है कि आपको हर दिन नई चुनौतियों और अनुरोधों का सामना करना पड़ेगा, जो आपके कार्य दिवस को आकर्षक बनाए रखेंगे।भारत में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र ने एक बार फिर अधिकतम भर्ती के साथ वापसी की है। इन उद्योगों में करियर बनाने की चाहत रखने वाले युवा पेशेवर हेरिटेज इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल एण्ड टूरिज्म, आगरा में प्रवेश लेकर होटल मैनेजमैन्ट में उच्च प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है । आज हेरिटेज इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल एण्ड टूरिज्म, आगरा के यही युवा स्टूडेंट्स अब होस्पिटेलिटी सेक्टर में (देश-विदेश) में परचम फहरा रहे हैं। तो यदि आप पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के करियर में रुचि रखते हैं, तो निश्चित रूप से कार्य करने का समय है।



# अनुशासित जीवन का मार्ग है अग्निपथ, गणित और विज्ञान से भी ज्यादा मूल्यों की शिक्षा पर जोर देने की जरूरत

अगिन्वीर 18 से 21 साल की उम्र में सेना में शामिल हो जाएगा और चार साल बाद 22 से 25 साल की उम्र में सेवानिवृत्त हो जाएगा, जो एक नई पारी शुरू करने के लिए अच्छी उम्र है। फ्रांज काफ्का ने कहा है, ईश्वर आपको बादाम देता है, वह उसे आपके लिए तोड़ता नहीं है। सशस्त्र बलों को हमारे देश में सबसे विश्वसनीय, ईमानदार और अनुशासित संगठन के रूप में आदर दिया जाता है। राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा और प्रतिबद्धता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। लगभग दो दशक पहले मैंने मुंबई में एक अभिनेता मित्र के साथ एक फिल्म के सेट पर आधा दिन बिताया। वहां मुझे भारत के शीर्ष अभिनेताओं में से एक के साथ बातचीत का अवसर मिला। हम हर तरह की बातें कर रहे थे और हमारी बातचीत राष्ट्रीय चरित्र पर होने लगी, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर युवक या युवती को सैन्य जीवन का स्वाद चखना चाहिए, क्योंकि इससे राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण होगा। सेना आपके व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करती है। हर किसी के लिए सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करना संभव नहीं था, क्योंकि यह एक महंगा प्रस्ताव था और एक विकासशील राष्ट्र के रूप में हम इसे वहन करने में सक्षम नहीं होंगे और हमने इसी निष्कर्ष के साथ उस पर बातचीत को विराम दिया। हममें से कुछ लोग कहते हैं कि हमारा कोई राष्ट्रीय चरित्र नहीं है और ऐसा कहने वाले पूरी तरह से गलत नहीं हैं। हमने मूल्यों और चरित्र को खिड़की से ऐसे बाहर फेंक दिया है, मानो कुछ हुआ ही नहीं। युवा बसें जला रहे हैं, मानो कानून या बड़ों या सरकार की उन्हें कोई परवाह नहीं है। पत्थर फेंकना और अजीबोगरीब कारणों से किसी की बर्बर हत्या करना दिमाग को चकरा देता है। खबरों में भी यही सब रहता है। स्कूल छात्रों को अनुशासित करने के लिए जूझ रहे हैं, माता-पिता परेशान हैं, क्योंकि बच्चे उनकी सुनते नहीं और ज्यादातर माता-पिता स्कूली कर्मचारियों की इसमें सहायता भी नहीं करते! सबसे पहले सरकार को मूल्यों वाली शिक्षा पर जोर देना चाहिए। गणित और विज्ञान से भी ज्यादा इसे तवज्जो मिलनी चाहिए। देश में दस फीसदी कम इंजीनियर हों, तो चलेगा, लेकिन दस फीसदी बुरे चरित्र वाले लोगों को स्वीकार नहीं किया जा सकता। क्या कोई




ऐसे व्यक्ति को चपरासी भी रखना चाहेगा, जिसका चरित्र ठीक नहीं हो या वह भरोसेमंद नहीं हो? कभी नहीं। माता-पिता या शिक्षकों के जरिये आप युवा पीढ़ी में मूल्यों की समझ पैदा नहीं कर सकते। इसके लिए स्थायी समाधान ढूंढ़ने होंगे, भले ही वे कठोर हों। और यह काम रातोंरात नहीं हो सकता है। इसमें लंबा समय लगेगा। आज युवा अच्छे वेतन वाली, आरामदायक नौकरी चाहते हैं, जहां उनसे कोई सवाल न पूछे और वह काम करे या नहीं, उसे पूरा सम्मान मिलना चाहिए। जबकि एक सैनिक बाहरी दुश्मनों से राष्ट्र की रक्षा करता है, ज्यादा वेतन भी नहीं लेता, और घर-परिवार से दूर दुर्गम जगहों में काम करता है। जाहिर है, दोनों में जो फर्क है, वह है चरित्र। यदि 1.3 अरब की आबादी में से थोड़े से लोगों को हम चरित्रवान बना सकें, तो यह एक बड़ी शुरुआत होगी। यदि हम सभी युवाओं को सेना या अन्य वर्दीधारी सेवा में नहीं रख सकते, तो कुछ अच्छे पुरुष व महिलाओं को अगिन्वीर के रूप में चार साल के लिए रखें, तो यह अच्छी शुरुआत होगी। ये थोड़े से चरित्रवान लोग समाज की तस्वीर बदल सकते हैं। अगिन्वीरों को सेवा के चौथे वर्ष में प्रति महीना 40,000 रुपये मिलेंगे। यानी प्रति वर्ष 4.8 लाख रुपये का पैकेज, जो मध्य स्तरीय बिजनेस स्कूल के एमबीए को भी नहीं मिलता। इससे भी बड़ी बात है कि सरकार के समान योगदान के बाद सेवा खत्म होने पर अगिन्वीरों को 11.771 लाख रुपये मिलेंगे, जो कर मुक्त है यह बताना भी ठीक होगा कि रहने, खाने, चिकित्सा आदि रोजमर्रा की अधिकांश जरूरतों के लिए सेना खुद खर्च करेगी, इसलिए अगिन्वीरों को इन सब पर खर्च करने की जरूरत नहीं है। कॉरपोरेट भाषा में कंपनी की सालाना सीटीसी 4.8 लाख रुपये से बहुत ज्यादा होगी। इसलिए बारहवीं पास के लिए छह लाख का पैकेज बहुत बड़ी बात है। मान लीजिए, वही व्यक्ति अगिन्वीर बनने के बजाय बारहवीं के बाद कॉलेज में सनतक करने जाता है। पैसे खर्च करने और तीन साल कॉलेज में बिताने के बाद भी नौकरी की गारंटी कहां है तीन साल बाद उसके पास न नौकरी होगी, न पैसे होंगे और न ही हुनर होगा। वह न अपने माता-पिता की मदद कर सकता है, न राष्ट्र या समाज की। दुनिया भर में निजी क्षेत्रों में नौकरी पर रखने से ज्यादा तेजी से नौकरी से निकाला जाता है। बीस हजार रुपये प्रति महीने की नौकरी के लिए कई चरणों में इंटरव्यू होते हैं, लेकिन मिनटों में बिना किसी इंटरव्यू के उसे हटा दिया जाता है। इसलिए युवाओं को सरकार को दोष देने के बजाय नौकरी के लायक खुद को तैयार करना चाहिए। बाहर से चीजें अच्छी लग सकती हैं, लेकिन एक सिपाही पंद्रह साल नौकरी के बाद पेंशन का हकदार होता है और बहुत से लोग 15 साल नौकरी के बाद पेंशन के हकदार होने पर नौकरी छोड़ना चाहते हैं। अगिन्वीर 18 से 21 साल की उम्र में सेना में शामिल हो जाएगा और चार साल बाद 22 से 25 साल की उम्र में सेवानिवृत्त हो जाएगा, जो एक नई पारी शुरू करने के लिए अच्छी उम्र है। फ्रांज काफ्का ने कहा है, ईश्वर आपको बादाम देता है, वह उसे आपके लिए तोड़ता नहीं है। यह सब आप पर निर्भर करता है कि आप इस अवसर का उपयोग अपनी भलाई के लिए कैसे करते हैं। मैंने एनडीए से कैडेट्स को चिकित्सकीय सेवा से बाहर निकल कर अपने सिविल करियर में बेहतर काम करते हुए देखा है। कई शॉर्ट सर्विस अधिकारी ने, जिन्होंने नौकरी छोड़ दी, अपने आगे के करियर में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए कुछ होश और बहुत ज्यादा जोश रखना अच्छा विचार हो सकता है। आज भारत मैन्यूफैक्चरिंग की ओर बढ़ रहा है और इसके लिए उसे खून से ज्यादा पसीने की जरूरत होगी। अगिन्वीर एक इच्छुक अनुशासित बल होगा, जिसे प्रशिक्षित किया जा सकता है और कुशल श्रमबल से हमारी औद्योगिक शक्ति को तेजी से बढ़ाया जा सकता है। अगिन्पथ अनुशासित जीवन का मार्ग है। एक लड़का अपने सबसे महत्वपूर्ण वर्षों में एक योग्य व्यक्ति बन जाता है। मैं इसे आरक्षित जनशक्ति का एक पूल बनाने के रूप में भी देखता हूं, जो अनुशासित और अच्छी तरह से प्रशिक्षित है, ताकि राष्ट्र को उनकी आवश्यकता होने पर पुनः प्रशिक्षण के साथ जल्दी से सक्रिय किया जा सके।

# खेती-किसानी : पिछले दरवाजे से जीएम फसल लाने की तैयारी नए सिरे से फिर उठते विवाद के मायने

कृषि व खाद्य क्षेत्र में जेनेटिक इंजीनियरिंग की प्रौद्योगिकी मात्र लगभग छह-सात बहुराष्ट्रीय कंपनियों (व उनकी सहयोगी या उप-कंपनियों) के हाथ में केंद्रित हैं। इन कंपनियों का मूल आधार पश्चिमी देशों व विशेषकर अमेरिका में है। हाल के समय में भारत सहित अनेक देशों में नए सिरे से विवाद आरंभ हो गया है कि जीन एडिटिंग तकनीक के माध्यम से पिछले दरवाजे से जीएम (जेनेटिकली मोडिफाइड या जेनेटिक रूप से संवर्धित) फसलों को प्रवेश दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। यूरोपीय संघ में अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि जीन एडिटिंग की तकनीक को भी जीएम फसलों की श्रेणी में ही रखा जाएगा। इसके बाद जीएम फसलों के प्रसार वाली कंपनियों का ध्यान भारत की ओर गया है, इस कारण हमारे देश में जीएम खाद्य फसलों व खाद्यों के प्रसार की आशंका बढ़ गई है। ध्यान रहे कि अभी तक केवल कपास की गैर-खाद्य फसल के मामले में ही जीएम फसल बीटी कॉटन की अनुमति दी गई थी। किसी जीएम खाद्य फसल की अनुमति नहीं दी गई है। दो बार जीएम बैंगन की फसल व फिर जीएम सरसों को फैलाने के लिए बहुत जोर लगाया गया, पर व्यापक विरोध के कारण यह प्रवेश नहीं मिल सका। जीएम फसलों के विरोध का एक मुख्य आधार यह रहा है कि ये फसलें स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित नहीं हैं तथा यह असर जेनेटिक प्रदूषण के माध्यम से अन्य सामान्य फसलों व पौधों में फैल सकता है। इस विचार को इंडिपेंडेंट साइंस पैनल (स्वतंत्र विज्ञान मंच) ने बहुत सारगर्भित ढंग से व्यक्त किया है। इस पैनल में एकत्र हुए विश्व के अनेक देशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने जीएम फसलों पर एक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किया, जिसके निष्कर्ष में उन्होंने कहा है - 'जीएम फसलों के बारे में जिन लाभों का वादा किया गया था, वे प्राप्त नहीं हुए हैं और ये फसलें खेतों में बढ़ती समस्याएं उपस्थित कर रहीं हैं। अब इस बारे में व्यापक सहमति है कि इन फसलों का प्रसार होने पर ट्रांसजेनिक प्रदूषण से बचा नहीं जा सकता है। इन फसलों की सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पनन्‍ होती हैं। यदि इनकी उपेक्षा की गई, तो स्वास्थ्य व पर्यावरण की क्षति होगी जिसकी पूर्ति नहीं हो सकती है, जिसे फिर ठीक नहीं किया जा सकता है। जीएम फसलों को अब दृढ़ता से खारिज कर देना चाहिए, अस्वीकृत कर देना चाहिए।' 2009-10 में भारत में बीटी बैंगन के संदर्भ में जीएम के विवाद ने जोर पकड़ा, तो विश्व के 17 विख्यात वैज्ञानिकों ने भारत के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस बारे में नवीनतम जानकारी उपलब्ध करवाई। पत्र में कहा गया कि जीएम प्रक्रिया से गुजरने वाले पौधे का जैव-रसायन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है, जिससे उसमें नए विषैले या एलर्जी उत्पनन्‍ करने वाले तत्त्वों का प्रवेश हो सकता है। उसके पोषक गुण कम हो सकते हैं या बदल सकते हैं। जीव-जंतुओं को जीएम खाद्य खिलाने पर आधारित अनेक अध्ययनों से जीएम खाद्य के गुर्दे (किडनी), यकृत (लिवर) पेट व निकट के अंगों (गट), रक्त कोशिका, रक्त जैव रसायन व प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी सिस्टम) पर नकारात्मक स्वास्थ्य असर सामने आ चुके हैं। कृषि व खाद्य क्षेत्र में जेनेटिक इंजीनियरिंग की प्रौद्योगिकी मात्र लगभग छह-सात बहुराष्ट्रीय कंपनियों (व उनकी सहयोगी या उप-कंपनियों) के हाथ में केंद्रित हैं। इन कंपनियों का मूल आधार पश्चिमी देशों व विशेषकर अमेरिका में है। इनका उद्देश्य जेनेटिक इंजीनियरिंग के माध्यम से विश्व कृषि व खाद्य व्यवस्था पर ऐसा नियंत्रण स्थापित करना है, जैसा विश्व इतिहास में आज तक संभव नहीं हुआ है। इन सब तथ्यों व जानकारियों को ध्यान में रखते हुए सभी जीएम फसलों का विरोध जरूरी है। कुछ समय पहले देश के महान वैज्ञानिक प्रोफेसर पुष्प भार्गव का निधन हुआ है। वह सेंटर फॉर सेल्यूलर ऐंड मॉलीक्यूलर बायोलॉजी, हैदराबाद के संस्थापक निदेशक रहे व नैशनल नॉलेज कमीशन के उपाध्यक्ष रहे। सुप्रीम कोर्ट ने प्रो पुष्प भार्गव को जेनेटिक इंजीनियरिंग एप्रूवल कमेटी (जीईएसी) के कार्य की निगरानी करने के लिए नियुक्त किया था। जिस तरह जीईएसी ने बीटी बैंगन को जल्दबाजी में स्वीकृति दी थी, पुष्प भार्गव ने उसे अनैतिक व एक बहुत गंभीर गलती बताया था। उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ यह भी जरूरी है कि जिन बहुत गंभीर खतरों के प्रति उन्होंने बार-बार चेतावनियां दीं, उन खतरों के प्रति हम बहुत सावधान बने रहें।

# विपरीत परिस्थितियों में साहसिक निर्णय लेने वाले नेता, गजब था उनका व्यक्तित्व


चंद्रशेखर जी की विपरीत परिस्थितियों में साहसिक निणन्‍य लेने की परख उस वक्त भी देखने में आई, जब प्रथम खाड़ी युद्ध शुरू हुआ और देश के सामने विदेशी मुद्रा का भारी संकट था। ऐसी विकट परिस्थिति आ गई थी कि जरूरी वस्तुओं के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म होने के कगार पर पहुंच गया था। 8 जुलाई को पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पुण्यतिथि है। उनको याद करते हुए एक ऐसे राजनीतिक शख्सियत का चेहरा सामने आता हैं, जो बिना राजनीतिक नफा-नुकसान की परवाह किए, देशहित में दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखते हुए देश के सामने अपनी बेबाक राय रखने के लिए जाने जाते हैं। यारों के यार तो वे थे ही, अपने निजी सरोकारों के निभाने में भी उनका कोई जबाब नहीं था। चंद्रशेखर जी की विपरीत परिस्थितियों में साहसिक निणन्‍य लेने की परख उस वक्त भी देखने में आई, जब प्रथम खाड़ी युद्ध शुरू हुआ और देश के सामने विदेशी मुद्रा का भारी संकट था। ऐसी विकट परिस्थिति आ गई थी कि जरूरी वस्तुओं के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म होने के कगार पर पहुंच गया था। जीवनरक्षक दवाओं के आयात के लिए भी एक हफ्ते का विदेशी मुद्रा शेष था। पेट्रोलियम पदार्थों के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा की लगभग वैसी ही स्थिति थी। तब केंद्र में चंद्रशेखर जी की अल्पसंख्यक सरकार कांग्रेस के सहयोग से चल रही थी। देश के सामने रिजर्व बैंक का सोना गिरवी रखकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 'लोन' लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। तत्कालीन आई एम एफ के चेयरमैन भारत पर कर्ज के एवज में मनमानी शर्तें थोपने पर आमादा थे। यह मानकर कि यह सरकार अल्पसंख्यक है और ज्यादा दिन चलेगी नहीं। आई एम एफ चेयरमैन ने बातचीत के सिलसिले में ही एक बार यहां तक हिदायत दे दिया कि, अगर हम कर्ज देने से मना कर दिए, तब आप क्या करेंगे? चन्द्रशेखर जी का सीधा जबाब था कि- एक तो शर्तों के मुताबिक आप ऐसा कर नहीं सकते, दूसरा अगर आप ऐसा करते हैं, तो मैं इस मीटिंग से उठकर सीधे आकाशवाणी (तब टीबी का नेटवर्क इतना बड़ा नहीं था) जाऊंगा और देशवासियों से अपील करूंगा कि आईएमएफ से कर्ज मिलने की संभावनाएं खत्म हो चुकी है। आप सभी देशवासियों से अपील करता हूं कि आप आने वाले कठिन समय का मुकाबला करने के लिए तैयार रहें। जब कभी




बातचीत के दौरान चंद्रशेखर जी पूछा जाता था कि, देश का सोना गिरवी रखते हुए आपको यह नहीं लगता था कि इससे देश की बदनामी होगी? चंद्रशेखर जी का बेबाक जबाब होता था कि- आखिर अपने घर की बहू-बेटियों के लिए सोने के गहने-जेवरात किस लिए दान दिए जाते हैं? उसके पीछे असली मकसद यहीं होता है कि- किसी विपरीत परिस्थिति में वे अपना गहना-जेवर गिरवी रखकर अपना जीवन निर्वाह करें। महज श्रृंगार के लिए ही गहने-जेवर नहीं होते हैं। यह एक ठेठ गवई मन के सोच का ही नतीजा है, जो प्रधानमंत्री बनने के बाद भी चंद्रशेखर जी के पूरे व्यक्तित्व में आजीवन बरकरार रहा। चंद्रशेखर जी का याराना चंद्रशेखर जी की यारबाजी भी राजनीति में खासा चर्चा में रहीं। वे बदनामी की परवाह किए बिना इन रिश्तों को निभाते थे। पूरे देश और दुनिया में इसकी लंबी फेहरिस्त हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय हथियार व्यवसायी अदनान खशोगी से लेकर चर्चित स्व चंद्रास्वामी और उनके ही जिले के कोयलांचल में बाहुबली विधायक रहे सूरजदेव सिंह तक शामिल हैं। उनके साथ अपने रिश्तों को सार्वजनिक तौर पर स्वीकार करने में भी उन्हें कभी गुरेज नहीं था। यही नहीं उनके राजनीतिक जीवन में दो-तीन बयानों की वजह से भी उनका खासा नुकसान हुआ, पर उसकी वे परवाह नहीं करते थे। एक ऐसा ही वाकया है- जब इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री काल में 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के तहत सिखों के पवित्र धार्मिक स्थल अमृतसर के गुरुद्वारा साहिब में सेना भेजने का निणन्‍य लिया गया। चंद्रशेखर जी ने इंदिरा गांधी की सरकार के इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण कहा। उस वक्त पंजाब में जिस तरह की आतंकवादी घटनाएं बढ़ रही थीं, उसके मद्देनजर इंदिरा गांधी की इस सैन्य करवाई को एक तरह से व्यापक जन समर्थन प्राप्त था। इस बयान की वजह से ही राजनीतिक रूप से जागरूक बलिया संसदीय क्षेत्र से चंद्रशेखर जी को चुनाव हारना पड़ा। पर उसका दुष्परिणाम यह भी हुआ कि 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' की घटना से आहत प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए इंदिरा गाँधी को अपने अंगरक्षक सिख सिपाहियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। चंद्रशेखर जी के लिए कभी भी निजी रिश्तों के मामले में राजनीतिक विचारधारा उनके आड़े नहीं आई।भाजपा नेताओं में अटल बिहारी वाजपेयी से उनके निजी और प्रगाढ़ सम्बन्ध थे, तो शरद पवार और मुलायम सिंह यादव और लालू प्रसाद यादव से भी उनके वैसे ही सम्बन्ध रहे हैं। गाहेबगाहे चंद्रशेखर जी इनकी ऐसी मदद करते थे, जो कोई सोच भी नहीं सकता है। अटल बिहारी वाजपेयी को भले वे अपना गुरुदेव मानते थे, पर नीतिगत मामलों उनकी जोरदार तरीके से आलोचना करने में भी कभी संकोच नहीं करते थे। इसकी कई मिशालें लोकसभा में हुई तब की हुई बहसों में भी देखा जा सकता है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार से जयललिता के समर्थन वापसी के बाद सोनिया गांधी अपनी सरकार बनाने की गर्ज से मदद मांगने के लिए चंद्रशेखर जी के पास पहुंची। तब चंद्रशेखर जी विश्वासमत का सामना कर रही, वाजपेयी सरकार के खिलाफ 'वोटिंग' के दौरान तटस्थ रहने का मन बना चुके थे। चंद्रशेखर जी वाजपेयी सरकार के उदारीकरण-निजीकरण और वैश्विकीकरण के नीतियों के मुखर आलोचक थे। इन नीतियों के विरोध करने के लिए चंद्रशेखर को संघ के स्वदेशी जागरण मंच पर जाने में भी कोई गुरेज नहीं था। पर वे अपनी इस समझ पर भी कायम रहें कि भाजपा कोई स्वतंत्र राजनीतिक दल नहीं, बल्कि संघ की एक राजनीतिक ईकाई मात्र है। वाजपेयी सरकार आर्थिक नीतिगत मामलों पर उन नीतियों को बड़ी तत्परता से लागू कर रही थी, जिसे नरसिम्हा राव-मनमोहन सिंह ने आगे बढ़ाया था। चंद्रशेखर जी ने कांग्रेस-भाजपा की उन नीतियों का कभी समर्थन नहीं किया, इसलिए वे ऐसी परिस्थिति में कांग्रेस को भी समर्थन नहीं कर सकते थे। पर उनके सामने दुविधा यह थी कि अपने दरवाजे आई विधवा और कांग्रेस की प्रमुख नेता सोनिया गांधी को समर्थन देने से मना कैसे करें दूसरे दिन वे सोनिया गांधी के घर गए और उन्हें बताया कि क्यों उनकी सरकार बनाने में वे मदद नहीं कर सकते है। चंद्रशेखर जी के इस मनाही से यह सबक सीखा जा सकता है कि अपने दरवाजे पर मदद मांगने के लिए आए अपने दुश्मन को भी कभी 'ना' नहीं चाहिए। मौजूदा परिदृश्य में चंद्रशेखर जी आज मुलायम सिंह यादव और लालू प्रसाद यादव भले रिश्तेदार हैं। पर इन दोनों प्रतिष्ठित परिवारों के बीच राजनीतिक वजहों से कभी वह घनिष्ठता नहीं आई जिसको निभाने के लिए चंद्रशेखर जी कुख्यात होने तक की जोखिम उठाने से परहेज नहीं करते थे। लालू जी बीमार हैं, चारा घोटाला मामले में अभी जमानत पर भी हैं। आप कल्पना करें कि चंद्रशेखर जी इस वक्त होते तो क्या करते पहला काम तो वे खुद कई बार जेल जाकर लालू जी से मिलते। दूसरा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहते कि लालूजी को देश-विदेश जहां कहीं बेहतर स्वास्थ्य सुबिधा उपलब्ध हो, उसकी व्यवस्था करें। पर अभी तक मुलायम सिंह के पारिवारी जनों में से किसी की लालूजी से मिलने की सूचना नहीं है। हालांकि मुलायम सिंह इस वक्त खुद भी अस्वस्थ है। जब वे स्वस्थ थे, तब एक सांसद ने उन्हें सलाह दी थी कि लालू जी से इस वक्त जेल में जाकर आपको मिलना चाहिए। तब मुलायम सिंह ने लालू प्रसाद से मिलने से मना कर दिया था।

# शादी की छठवीं सालगिरह मना रहीं 'खतरों की खिलाड़ी' दिव्यांका..........

**नई दिल्ली ।** टेलीविजन की जानी मानी अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी और उनके पति एक्टर विवेक दहिया आज अपनी शादी की छठवीं सालगिरह मना रहे हैं। दोनों की






यह जोड़ी मनोरंजन जगत की सबसे लोकप्रिय जोडि़यों में से एक हैं। टेली वर्ल्ड के इस रियल-लाइफ कपल की बड़ी फैन फॉलोइंग है। यहीं वजह है कि फैंस ने उन्हें दिवेक नाम से भी बुलाते हैं। ये हैं चाहते फेम दिव्यांका और विवेक की मुलाकात इसी शो के दौरान हुई थी। कुछ सालों तक डेट करने के बाद दोनों ने साल 2016 में आज ही दिन शादी रचाई थी। दोनों के बीच एक शानदार केमिस्ट्री है, जो अक्सर उनकी तस्वीरों में साफ दिखाई देती है। आइए तस्वीरों में देखे इस पावर कपल के स्ट्रॉन्ग बॉन्ड को- दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया घूमने के बेहद शौकीन हैं। यही वजह है कि वे काम से समय मिलने पर अक्सर विभिनन्न स्थानों पर जाते हैं। इस तस्वीर में वे गोवा में खूबसूरत सनसेट का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। हरे रंग की प्रिंटेड ड्रेस में दिव्यांका बेहद खूबसूरत लग रही हैं और सफेद शर्ट और ट्राउजर में विवेक काफी हैंडसम लग रहे हैं।कुछ दिनों पहले ही ये स्टाइलिश कपल थाईलैंड घूमने गया था, जहां उन्होंने ढेर सारे एडवेंचर और कई सारी यादें समेटी। इस क्यूट तस्वीर में विवेक दहिया एक रेस्टोरेंट में दिव्यांका को गाल पर किस करते नजर आ रहे हैं।दिव्यांका को रोमांटिक डेट्स और अपने पति के लिए कुछ खास करने का बहुत शौक है। लेकिन इस बार वैलेंटाइन्स डे की तारीख को बेहद खास बनाने के लिए विवेक ने उन्हें खूबसूरत अरेंजमेंट्स से सरप्राइज दिया था। दिव्यांका और विवेक इस तस्वीर में एक स्क्विशी हग साझा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस फोटो को साझा करते हुए दिव्यांका ने बताया कि उन्हें विवेक के मेसी कर्ल काफी पसंद हैं। इस तस्वीर में यह कपल एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताता नजर आ रहा है। साथ ही दोनों अपने मनपसंद डेजर्ट की लुफ्त उठाते भी नजर आ रहे हैं। फोटो में दोनों एक-दूसरे की आंखों में डूबे दिखाई दे रहे हैं।

# पांचवीं बेस्ट ओपनर हॉलीवुड फिल्म बनी थॉर 4 , आ गए कलेक्शन के अंतिम आंकड़

**नई दिल्ली ।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) की 29वीं फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' ने गुरुवार को सिनेमाघरों में अपनी रिलीज के पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका कर दिया। फिल्म के हिंदी संस्करण को खासतौर से उत्तर भारत में बड़ी कामयाबी मिली है। फिल्म की ओपनिंग एमसीयू की पिछली 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मैडनेस ऑफ मल्टीवर्स' जितनी तो नहीं रही है, लेकिन गुरुवार को रिलीज हुई इस फिल्म का कलेक्शन अभी रविवार तक और बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। फिल्म की पहले दिन की कमाई देश में अब तक रिलीज हुई तमाम हॉलीवुड फिल्मों में पांचवें नंबर पर



रही है। फिल्म के शुक्रवार के शोज को लेकर दर्शकों में खासी उत्सुकता देखने को मिल रही है। भारत में रिलीज हुई एमसीयू की पिछली यानी 28वीं फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मैडनेस ऑफ मल्टीवर्स' ने देश में 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया। भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के प्रशंसकों की संख्या 2008 में रिलीज हुई पहली एमसीयू फिल्म 'आयरमैन' के बाद से लगातार बढ़ती जा रही है। अब तक इस सीरीज की 28 फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' इस श्रृंखला की 29वीं फिल्म है। इन फिल्मों में अब बीच बीच में रिलीज हो रहीं वेब सीरीज की कहानियां भी जुड़ने से इनके लेखकों को और निर्देशकों को नए नए प्रयोग भी करने की आजादी मिल रही है। फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' ने बुधवार की शाम तक एडवांस बुकिंग में ही 10 करोड़ रुपये कमा लिए थे और रिलीज के दिन इसने इसे भी डबल से ज्यादा कर दिया है। फिल्म की पहले दिन की टिकट बिक्री के जो अंतिम आंकड़े आए हैं, उसके मुताबिक टिकटों की बिक्री से फिल्म ने पहले दिन 24 करोड़ रुपये का कुल (ग्रॉस) कलेक्शन किया। मार्वल स्टूडियोज को भारतीय दर्शकों में अपनी फिल्मों की लोकप्रियता का अंदाजा अब से करीब चार साल पहले ठीक से लगना शुरू हुआ जब एमसीयू की फिल्म 'एवेंजर्स इनफिनिटी वॉर' दो हजार से ज्यादा स्क्रीन्स में रिलीज हुई। इसके बाद फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' में ये संख्या करीब पौने तीन हजार हुई और बीते साल रिलीज हुई 'स्पाइडरमैन नो वे होम' एमसीयू की ऐसी पहली फिल्म रही जिसे तीन हजार से भी ज्यादा स्क्रीन्स पर एक साथ रिलीज किया गया। ये फिल्म 3264 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई थी। इस साल रिलीज हुई एमसीयू की फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' को करीब ढाई हजार स्क्रीन्स मिले थे और अब फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' करीब 2800 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म के शुक्रवार की दोपहर मिले अंतिम आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 24 करोड़ रुपये का कुल और 18.60 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन पहले दिन किया है। फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' ने रिलीज के पहले दिन हिंदी भाषी राज्यों में अपेक्षा से बेहतर कारोबार किया। समझा जा रहा था कि ये फिल्म हिंदी पट्टी में करीब पांच करोड़ रुपये की ओपनिंग लेगी लेकिन इसने इन अनुमानों को धता बताते हुए पहले ही दिन करीब सात करोड़ रुपये की शानदार ओपनिंग सिर्फ हिंदी संस्करण से ले ली है। फिल्म के अंग्रेजी संस्करण की ओपनिंग गुरुवार के दिन करीब कुल (ग्रॉस) 13 करोड़ रुपये रही। फिल्म को बाकी भाषाई संस्करणों से भी करीब चार करोड़ रुपये की कमाई होने की उम्मीद बन रही है। टिकट बिक्री से हुई 24 करोड़ की इस कुल आय से खर्चे आदि निकालने के बाद फिल्म का टिकट खिड़की पर मुनाफा 18.60 करोड़ रुपये का रहा। भारत में अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने एमसीयू की फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' रही है जिसने 2019 में बॉक्स ऑफिस पर 373.22 करोड़ रुपये की कमाई की थी। भारत में रिलीज होने वाली हॉलीवुड फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली तीनों फिल्में एमसीयू की हैं। फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' करीब 185 मिलियन डॉलर यानी तकरीबन 1463 करोड़ रुपये की लागत से बनी है। इसे थोर की सोलो हीरो फिल्मों में सबसे महंगी फिल्म भी माना जा रहा है। इस बार निर्देशक टाइका वाइटीटी ने थॉर के किरदार को पिछली फिल्म 'थॉर रैगनारॉक' में एक अलग स्तर तक पहुंचाया था उसी तरह इस बार भी फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' में थॉर के किरदार के साथ उन्होंने कुछ चुनिंदा प्रयोग किए हैं। इस फिल्म के साथ ही थॉर इकलौता ऐसा एमसीयू किरदार बन गया है जिसकी चार सोलो फिल्में रिलीज हुई हैं।

# पाखी को जाल में फंसाएगा अधिक बेहोश इमली को किचन में छिपाएगी बड़ी मां, पढ़ें आज का सीरियल अपडेट


**नई दिल्ली ।**मनोरंजन की बात हो तो छोटा पर्दा हमेशा से ही लगातार दर्शकों का मनोरंजन करता रहा है। अक्सर ज्यादातर सीरियल में रोज कोई न कोई धमाका होता ही रहता है और दर्शक बेसब्री से अगले एपिसोड का इंताजर करते हैं। तो चलिए जानते हैं अनुपमा से लेकर ये हैं चाहते और इमली तक किस सीरियल में क्या है आज का अपडेट।टीआरपी में हमेशा नंबर वन पर काबिज रहने वाला सीरियल अनुपमा इस बार भी दर्शकों की पहली पसंद बना हुआ है क्योंकि मौजूदा ट्रैक अनुपमा की बेटी पाखी और बरखा के भाई अधिक को लेकर चल रहा है और शो में हमेशा की तरह जबरदस्त हंगामा देखने को मिल रहा है। अब तक अधिक सबके सामने यह मान चुका है कि वो पाखी को पसंद करता है लेकिन अगले एपिसोड में अधिक बरखा को बताएगा कि वह सिर्फ उसे फंसा रहा है। सीरियल इमली भी इस बार टीआरपी लिस्ट में अपनी पोजिशन बनाए हुए है, क्योंकि इस समय दर्शकों को आर्यन और इमली की नजदीकियां काफी पसंद आ रही हैं लेकिन आने वाले एपिसोड में इमली की जान खतरे में पड़ने वाली है क्योंकि वह बेहोश हो जाती है और इसके बाद बड़ी मां यानी नर्मदा राठौर उसे किचन में छिपा देती है। वहीं मालिनी भी साजिश रचती नजर आएगी। सीरियल 'ये हैं चाहते' की भी लंबी फैन फॉलोइंग है। दर्शकों को इसकी कहानी काफी पसंद आती है, क्योंकि इस शो में भी लगातार ट्विस्ट और टर्न्स फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ाते रहते हैं। आने वाले एपिसोड में अरमान सारांश से झूठ बोलता नजर आएगा, ताकि कहीं वह रुद्राक्ष को ये न बता दे कि प्रीशा अरमान के साथ है। अरमान सारांश को बताता है कि प्रीशा अतीत को याद नहीं कर पा रही है और अगर उसने




कुछ भी याद किया, तो यह उसकी जिंदगी को खतरे में डाल सकता है, ऐसे में वो अपनी दोस्त को अकेले कैसे छोड़ सकता है। इसके बाद सारांश प्रीशा को साथ ले जाने को कहता है, लेकिन अरमान उसे रोकने की कोशिश करेगा। सीरियल भाग्य लक्ष्मी ने भी इस समय दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है और यही वजह है कि शो ने इस बार टीआरपी लिस्ट में अपनी जगह बना ली है। बता दें कि आज के एपिसोड की शुरुआत एना से होती है, जिसमें वह लक्ष्मी को बताती है का भाई स्ट्रेस में थे और उनका मूड ठीक नहीं था। इसके बाद जब लक्ष्मी कमरे में जाती है तो पूर कमरा बिखरा होता है। जिसके बाद वो सोचती है कि ऋषि शादी के बाद क्रेजी हो रहा है। सीरियल 'गुम है किसी के प्यार में' के मौजूदा ट्रैक में पाखी की सेरोगेसी को लेकर विराट और सई में स्ट्रेस देखने को मिला था लेकिन अब जबकि सई सच्चाई मान चुकी है, तो वह पाखी को चेतावनी देती है कि उसके बच्चे का खयाल रखे। साथ ही विराट और सई दोनों इमोशनल टाइम स्पेंड करते नजर आएंगे।

# मशहूर प्रोड्यूसर गोरंटला राजेंद्र प्रसाद का हुआ निधन, शोक में डूबे साउथ सितारे

**नई दिल्ली ।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर प्रोड्यूसर गोरंटला राजेंद्र प्रसाद का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर ने साउथ इंडस्ट्री को एक बार फिर सदमे में डाल दिया है। मनोरंजन जगत से एक बुरी खबर सामने आई है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर प्रोड्यूसर गोरंटला राजेंद्र प्रसाद का निधन हो गया है। वह 86 वर्ष के थे और लंबी बीमारी से जूझ रहे थे। लेकिन 7 जुलाई को उन्होंने इस दुनिया को हमेशा-हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। उनके परिवार के सदस्य के अनुसार, लंबी बीमारी के बाद गोरंटला ने अंतिम सांस ली। गोरंटला राजेंद्र प्रसाद के निधन की खबर से टॉलीवुड इंडस्ट्री के सितारे सदमे में है। गोरंटला राजेंद्र प्रसाद ने अपने करियर की शुरुआत साल 1963 में आई फिल्म 'रामूडू भीमुदु' से की थी। इस फिल्म का निर्माण उन्होंने डी रामानायडू के साथ मिलकर किया था, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। इसके बाद उन्होंने 'माधवी पिक्चर्स' शुरू किया और फिर कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। उनकी हिट फिल्मों की बात करें तो उन्होंने एएनआर, मंजुला, दोराबाबू, लक्ष्मी समेत कई फिल्में दी हैं। एक दिन पहले गौतम राजू ने हुआ था निधन गोरंटला राजेंद्र प्रसाद से एक दिन पहले गौतम राजू के निधन की खबर सामने आई थी। वह साउथ सिनेमा के मशहूर एडिटर हैं, जिन्होंने अपने करियर में 1000 से भी ज्यादा फिल्मों को एडिट किया है। उन्होंने



साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की कई फिल्मों को भी एडिट किया। इतना ही नहीं, उनके नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। साउथ इंडस्ट्री ने महज दो दिन में अपने दो शानदार हस्तियों को खोया है, जिस वजह से इस इंडस्ट्री के कलाकार भी शोक में है।

# सारा-कार्तिक के रिश्ते पर करण जौहर ने लगाई मुहर, बताया- दोनों कैसे आए एक-दूजे के करीब

**नई दिल्ली ।** करण जौहर अपने पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण' के सीजन सात के साथ लौट चुके हैं। शो का पहला एपिसोड स्ट्रीम हो चुका है, जिसमें आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की जोड़ी नजर आई। करण जौहर का यह शो अपनी कॉन्ट्रोवर्सी की वजह से चर्चा में रहता है। लेकिन एक सच्चाई ये भी करण जौहर के सामने काउच पर बैठकर ही कई सेलेब्स ने अपने क्रश या फिर





रिलेशनशिप का हिंट भी दिया है। इसी शो के ही एक एपिसोड में आलिया ने कबूल किया था कि रणबीर कपूर को वह पसंद करती हैं। कटरीना कैफ ने भी करण के सामने कहा था कि उनकी जोड़ी विक्की कौशल के साथ अच्छी लगेगी। आज के समय में ये दोनों जोडि़यां अपनी मैरिड लाइफ को एंजॉय कर रही हैं। वहीं, अब करण जौहर ने सारा अली खान और कार्तिक आर्यन के रिश्ते का भी खुलासा कर दिया है। दरअसल, करण जौहर ने अपने एक इंटरव्यू में अपने शो के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने अपने शो के जरिए शुरू हुई लव स्टोरी के बारे में कहा, 'मैं इस काउच को अपने दिल की बात कहने वाला काउच कहता हूं। कुछ समय पहले मैं कृति सेनन से यही बात कह भी रहा था। मैंने सिर्फ एक नाम कहा था। कटरीना कैफ ने इसी काउच पर बैठकर कहा था कि उनकी जोड़ी विक्की कौशल के साथ अच्छी लगेगी और जब विक्की शो में आए थे तब वह इस बात को सुनकर बेहोश हो गए थे। बाद में दोनों ने शादी कर ली।' इसके आगे करण जौहर ने सारा अली खान की बात करते हुए कहा, 'इसी शो में सारा ने कार्तिक का नाम लिया था और फिर दोनों की डेटिंग शुरू हो गई। आलिया ने भी शो के कई सीजन में रणबीर का नाम लिया है और दोनों शादी कर चुके हैं। दोनों जल्द ही माता-पिता भी बनने वाले हैं। यह बहुत अच्छी बात है कि इस काउच ने कई रिश्तों की शुरुआत की है।' बता दें कि जब सारा अली खान 'कॉफी विद करण' के एक एपिसोड में नजर आई थीं, तब अभिनेत्री ने कहा था कि वह कार्तिक आर्यन को डेट करना चाहती हैं। यह बात साल 2018 की है। इसके बाद दोनों साल 2020 में फिल्म 'लव आज कल' में नजर आए थे। दोनों की यह फिल्म तो नहीं चली। लेकिन फैंस कार्तिक और सारा को एक साथ देखकर काफी खुश हुए।

# क्या उर्फी जावेद को पसंद करते हैं रणवीर सिंह, करण जौहर के मजाक उड़ाने पर क्यों कही ऐसी बात......

**नई दिल्ली ।** मशहूर और चर्चित सेलिब्रिटी टॉक शो कॉफी विद करण का नया सीजन शुरू हो चुका है। शो के सातवें सीजन के पहले एपिसोड में बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और एक्ट्रेस आलिया भट्ट बतौर मेहमान नजर आए। इस दौरान



दोनों की कलाकारों ने शो के होस्ट अभिनेता करण जौहर के साथ जमकर मस्ती की। साथ ही कई सुने- अनसुने किस्से भी साझा किए। इतना ही नहीं शो में सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी जावेद का भी जिक्र हुआ। शो में एक्टर रणवीर सिंह ने जहां उर्फी को 'फैशन आइकन' बताया तो वहीं फिल्म मेकर करण जौहर ने उर्फी के कटआउट ड्रेसेज की जमकर खिल्ली उड़ाई। बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी जावेद एक बार फिर चर्चाओं में तब आईं, जब कॉफी विद करण 7 में उनके नाम की चर्चा हुई। शो में एक फन सेगमेंट के दौरान करण जौहर ने रणवीर से सवाल करते हु पूछा कि किस सेलेब ने किसी आउटफिट को बहुत जल्दी रिपीट किया है इस पर जवाब देते हुए रणवीर सिंह ने बिंदास अंदाज में उर्फी जावेद का नाम लिया। रणवीर के मुंह से उर्फी का नाम सुनते ही करण हंसने लगे। वहीं आलिया भट्ट भी काफी शॉक्ड नजर आईं। रणवीर के जवाब पर आलिया कहती हैं कि 'ये उसका बुरा सपना होगा?' इस पर रणवीर ने कहा कि 'हां उर्फी एक नई फैशन आइकन हैं। करण जौहर ने रणवीर को सेफ गार्ड करते हुए कहा, उर्फी के हर वक्त नए कट्स होते हैं।' बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में जाने- माने अंतर्राष्ट्रीय डिजाइनर हैरिस रीड ने उर्फी की तारीफ की थी। इसके अलावा बीते दिनों उर्फी साल के सबसे ज्यादा बार गूगल किए गए एशियाई लोगों की लिस्ट में भी शामिल थीं। एक्ट्रेस और मॉडल उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपने नए-नए लुक्स फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। उनके इन लुक्स को कई लोग बेहद पसंद करते हैं तो वहीं कई बार अपने अतरंगी फैशन की वजह से उर्फी ट्रोलिंग का शिकार भी हो जाती हैं। लेकिन इन सबके बावजूद एक्ट्रेस बिना किसी भी परवाह किए बिना अपने हिसाब से अपनी जिंदगी जीना पसंद करती हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते है। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस. डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रस्तावित व्यवसायों में अगस्त 2021में प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी०सी०ए०), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कण्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, बेकिंग टेक्नोलॉजी, सी०एन०सी० प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए
visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274